जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

चूरू

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

चूरू, रविवार 15 अक्टूबर, 2023


ये दिवाली

Depreciation नहीं Appreciation वाली

मोबाइल या कार नहीं
खरीदो कोठी 10 लाख
Appreciation वाली


FIXED PRICE

NO MIDDLE-MEN
DIRECT TO CUSTOMER

KEDIA सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT
अजमेर रोड़, जयपुर

PROPOSED FIXED RATE & RENTAL

| बड़ी-बड़ी कोठी बड़े-बड़े फ्लैट | | आज की रेट | दिवाली बाद की रेट | पजेशन की रेट | पजेशन के बाद रेंटल |
|---|---|---|---|---|---|
| युनिट टाइप | साइज | | | | POSSESSION DEC. 2025 |
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 1350 Sq Ft | 49.50 LACS | 54 LACS | 67.50 LACS | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 55 LACS | 60 LACS | 75 LACS | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 60.50 LACS | 66 LACS | 82.50 LACS | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 Sq Ft | 66 LACS | 72 LACS | 90 LACS | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 Sq Ft | 77 LACS | 84 LACS | 105 LACS | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 Sq Ft | 110 LACS | 120 LACS | 150 LACS | 50,000 |



KEDIA®

1800-120-2323
info@kedia.com www.kedia.com
www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

WALKTHROUGH QR CODE | DOWNLOAD BROCHURE | LOCATION QR CODE | ROUTE MAP | SITE TOUR 360 DEGREE

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**जो वस्तु आनंद प्रदान नहीं कर सकती, वह सुन्दर हो ही नहीं सकती। –प्रेमचंद**

# आँवला अकेला ऐसा द्रव्य है जो सर्वश्रेष्ठ आहार, रसायन व औषधि है

राष्ट्रदूत में आयुर्वेद पर अतिथि संपादकीय पढ़कर बहुत लोग एक प्रश्न पूछते हैं कि आप हमें एक ऐसा द्रव्य बताइए जो अमृत के सबसे नजदीक हो और जिसको लेने पर तमाम रोगों से दूरी बनी रहे। इसके उत्तर में प्राय: मैं यह कहता हूं कि आपके लिये इससे सरल कोई प्रश्न हो नहीं सकता था और मेरे लिये इसका उत्तर देने से कठिन और कुछ नहीं हो सकता था। इस प्रश्न का निर्विवाद, सटीक और वस्तुनिष्ठ उत्तर देने के लिये आयुर्वेद वांग्मय की समस्त संहिताओं की गहरी समझ और गहन अध्ययन तो जरूरी है ही, उसके साथ ही आयुर्वेद के समस्त द्रव्यों में आज तक हुई आधुनिक वैज्ञानिक शोध को भी समझना जरूरी है। अंततोगत्वा, आयुर्वेदाचार्यों का अनुभव भी उन समस्त द्रव्यों में देखना जरूरी है जो आयुर्वेद की संहिताओं में ज्ञात हैं। अब आप समझ गए होंगे कि यह एक ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर खोजने में पूरा जीवन खर्च किया जा सकता है। फिर भी, पिछले पांच दशकों में आयुर्वेद की संहिताओं, आधुनिक वैज्ञानिक शोध और अनुभव की त्रिवेणी में बार-बार डुबकी लगाते हुये प्राप्त व्यक्तिगत समझ के आधार पर आज मैं इस प्रश्न का उत्तर पूर्व में दे चुका हूँ। आज की चर्चा पुन: आमलकी पर केन्द्रित है जिसमें वर्ष 2023 में अब तक हुई शोध को समाहित किया गया है।

मेरे ज्ञान और विश्वास के आधार पर आँवला अकेला ऐसा द्रव्य है जो सर्वश्रेष्ठ आहार, रसायन व औषधि है। आंवला से बेहतर ऐसा कोई बहुआयामी द्रव्य नहीं है जिसे आप भोजन, रसायन और दवाई में एक साथ प्रयोग कर सकते हैं। आइये सबसे पहले आधुनिक वैज्ञानिक शोध से प्राप्त जानकारी के एक अंश को पहले देखते हैं।

उम्र-आधारित रोगजनन का एक प्रमुख कारण डी.एन.ए. रिपेयर मैकेनिज्म में गड़बड़ी होना माना जाता है। जीवित कोशिकाओं के गुणसूत्रों में पाये जाने वाले तंतुनुमा अणु को डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड या डी.एन.ए. कहा जाता है। इसी में अनुवांशिक कोड निहित रहता है। जैसे जैसे डी.एन.ए. डैमेज का बोझ बढ़ता जाता है, शरीर बुढ़ापे की ओर बढ़ता जाता है। इस कारण अनेक समस्यायें जैसे– कैंसर, न्यूरोडीजेनरेशन और बढ़ती उम्र के कारण होने वाली अनेक व्याधियां विकसित हो जाती हैं। शरीर की कोशिकाओं द्वारा डी.एन.ए. डैमेज के संकेत प्राप्त करना और टूट-फूट की मरम्मत करने की क्षमता उम्र के साथ घटती जाती है। इसीलिये बढ़ती उम्र में अनेक रोग लग जाते हैं। तो क्या रसायन के रूप में आमला बढ़ती उम्र के लोगों में डी.एन.ए. रिपेयर मैकेनिज्म की गति को बढ़ा सकता है? इस विषय में कई अध्ययनों से यह सिद्ध होता है कि रसायन औषधियाँ डी.एन.ए. रिपेयर की गति को बढ़ाकर बुढ़ापा आने की गति को धीमा कर देती हैं। हाल में हुये एक क्लीनिकल ट्रायल (जर्नल ऑफ़ एथनोफार्माकोलॉजी, 2016, 191: 387-397) में पाया गया कि आमलकी रसायन के प्रयोग से डी.एन.ए. स्ट्रैंड में तोड़फोड़ की गति कम होती है तथा रिपेयर मैकेनिज्म तेज हो जाती है। यह रसायन सुरक्षित भी पाया गया है। एक अन्य अध्ययन में (जर्नल ऑफ़ आयुर्वेदा एंड इंटीग्रेटिव मेडिसिन, 2017, 8:105-112), जो 45-60 वर्ष के लागों के मध्य किया गया, पाया गया है कि आमलकी रसायन का प्रयोग रक्त की पेरिफेरल ब्लड मोनोन्यूलियर सेल्स में टीलोमीयर की लम्बाई में बदलाव किये बिना टीलोमेरेज क्रियात्मकता को बढ़ा देता है। चूंकि इससे टीलोमियर के क्षरण में कमी आती है, अत: हितायु-सुखायु या हैल्थस्पान में बेहतरी होती है।

चयापचय समस्या या मेटाबोलिक सिंड्रोम वाले व्यक्तियों में प्राय: एंडोथेलियल डिसफंक्शन पाया जाता है जो एथेरोस्क्लेरोसिस की शुरुआत और वृद्धि का कारक बनता है। मेटाबोलिक सिंड्रोम के प्राथमिक प्रबंधन में दवाओं के साथ जीवन शैली में सुधार और निदान-परिवर्जन शामिल हैं। 59 लोगों के मध्य किये गए एक क्लिनिकल ट्रायल से ज्ञात हुआ है कि आमलकी के जलीय एक्सट्रैक्ट की 500 मिलीग्राम मात्रा दिन में दो बार लेने से एंडोथेलियल फंक्शन, ऑक्सीडेटिवस्ट्रेस, सिस्टमिक सूजन और लिपिडप्रोफाइल में महत्वपूर्ण सुधार हुआ (पी. ऊषारानी इत्यादि, बीएमसीकॉम्प्लिमेंटरी एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन, 19(1): 97, 2019)।

क्लिनिकलट्रायल में पाया गया है कि आँवला रक्तचाप घटाने की औषधि के साथ देने पर अनियंत्रित सिस्टोलिक और डायस्टोलिक रक्तचाप को नियंत्रित करता है (एस. घफारी इत्यादि, एविडेंस-बेस्डकॉम्प्लिमेंटरी एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन, 8592869, 2020)।

कोलेस्ट्रोल व ट्राइग्लीसराइड साथ-साथ कम करने वाली दवा कम मिलती है। आमलकी उनमें एक है (एच. उपद्या इत्यादि, बीएमसी कॉम्प्लिमेंटरी एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन, 19(1): 27, 2019)। आँवला कोशिकीय और माइटोकांड्रियल हेल्थ को दुरुस्त करता है (एजिंग, 11:1177-1188, 2019)। आँवला त्वचा को जवां रखता है क्योंकि यह किरैटिनोसाइट्स कोशिकाओं में वृद्धि करता है (जर्नल ऑफ़ इंटीग्रेटिव मेडिसिन, 2019, 17:141-146)। असल में आमलकी की मदद से कैंसर, डायबिटीज, हृदयरोग समेत कम से कम 100 रोग ठीक हो सकते हैं, या बचाव हो सकता है (फार्माकोलॉजिकल रिसर्च, 2016, 111: 180-200)।

असल में आमलकी वह अमृत रुपी आयुर्वेदिक रसायन है जो आयुर्वेदाचार्यों के युक्ति-व्यपाश्रयी कौशल से मिलकर कैंसर, डायबिटीज, हृदयरोग समेत तमाम रोगों को ठीक कर सकता है या इनसे हमारा बचाव कर सकता है। आमलकी रसायन के चमत्कारिक प्रभाव का विज्ञान तो अभी पकड़ में आना शुरू ही हुआ है। क्लिनिकल ट्रायल में आमलकी व गुडूची मुख-कैंसर के उपचार में लाभकारी पायी गयीं हैं। आमलकी रसायन, आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया में भी लाभकारी पाया गया है। क्लिनिकल ट्रायल में पाया गया है कि मोटे लोगों में भी आँवला दिल की बीमारी का खतरा कम कर देता है (जर्नल ऑफ़ मेडिसिनल फ़ूड, 2015, 18:4)।

> **कम से कम पांचवी शताब्दी ईसा पूर्व से लेकर वत्तर्मान काल तक लिखित या संकलित आयुर्वेद की संहिताओं और ग्रंथों के निचोड़ के आधार पर यह कहना उचित है कि आयुर्वेद का ऐसा कोई ग्रन्थ नहीं जिसने आमलकी को एक उच्चकोटि का भोजन, प्रभावी रसायन और महत्वपूर्ण औषधि के रूप में मान्यता नहीं प्रदत्त की हो। चरकसंहिता के अनुसार आँवला में लवण रस के अतिरिक्त सभी रस हैं।**

वर्तमान समय में न्यूरोलॉजिकल विकार जैसे मिर्गी, अवसाद, टार्डीवडिस्केनेसिया और तनाव, और न्यूरोडीजेनेरेटिव विकार जैसे अल्जाइमर रोग, पार्किंसंस रोग, मनोभ्रंश और हंटिंगटन-बीमारी एक भारी समस्या है। मौजूदा आधुनिक चिकित्सा इसमें प्राय: सफल नहीं है। आयुर्वेद चिकित्सा में प्रयुक्त आमलकी पर किये गये इन-वाइवो और इन-विट्रो अध्ययनों में आमलकी में एंटीऑक्सिडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-हाइपरलिपिडेमिक और एंटी-हाइपरग्लाइसेमिक प्रभावों के पर्याप्त प्रमाण मिले हैं। इसके साथ ही अनेक न्यूरोलॉजिकल विकारों में आमला उपयोगी पाया गया है (मेटाबोलिक ब्रेनडिजीज, 2019, 34: 957-965)।

वर्ष 2023 में प्रकाशित क्लिनिकल ट्रायल्स की मेटा-एनालिसिस से यह सिद्ध हो जाता है कि आँवला मेटाबोलिकमार्कर्स में सुधार करता है। मेटा-विश्लेषण में पांच ट्रायल्स को शामिल किया गया था। परिणामों में सीआरपी, फास्टिंग ब्लड ग्लूकोज, कम घनत्व वाले लिपोप्रोटीन कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल-सी), कुल कोलेस्ट्रॉल और सीरम ट्राइग्लिसराइड सांद्रता में उल्लेखनीय कमी देखी गई। साथ ही उच्च घनत्व वाले लिपोप्रोटीन कोलेस्ट्रॉल (एचडीएल-सी) में वृद्धि पाई गयी (एल. सेतायेश इत्यादि, डायबिटीज एंड मेटाबोलिक सिंड्रोम: क्लिनिकल रिसर्च एंड रिव्यूज, 17(3): 102729, 2023)।

आधुनिक विज्ञान की दृष्टि से पुन: देखा जाये तो यह सिद्ध करने के लिये कि आमलकी आयु को स्थिर करने वाला द्रव्य है, प्रमाणों के दो अलग-अलग समूह देखना आवश्यक है। प्रथम समूह यह कि कोई भी द्रव्य जो जीवन को सुरक्षित रख सकता है, उसमें दो गुण होना अनिवार्य है: पहला, फ्री-रेडीकल स्केवेंजिंग के द्वारा ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करना एवं, दूसरा, एन्टीइन्फ्लेमेटरी गुण का होना। इन दोनों गुणों के कारण ही कोई द्रव्य बढ़ती हुई उम्र के कारण लगने वाले रोगों से लड़ सकता है। प्रमाणों के दूसरे समूह में सीधे इस बात को देखना है कि उम्र के कारण होने वाली बीमारियों को रोकने एवं हो जाने पर उपचार करने की शक्ति आमलकी में है या नहीं। फ्री-रेडीकल स्केवेंजिंग एवं एन्टीइन्फ्लेमेटरी गुण के सन्दर्भ में आमलकी उच्चकोटि का रसायन एवं एडॉप्टोजेन होने के कारण दोनों ही प्रभाव पर्याप्त आधुनिक शोध में सिद्ध हुये हैं। बढ़ती उम्र की गैरसंचारी बीमारियों जैसे कैंसर, डायबिटीज हृदय रोग, अपर श्वसन तंत्र के रोग, मानसिक रोग एवं इन रोगों के कारण होने वाली द्वितीयक-जटिलताओं को रोकने के प्रमाण भी हैं। इस दिशा में विश्व भर में आमलकी पर गंभीर अध्ययन हुये हैं। मुख्य रूप से प्रयोगशाला-उपकरणों के द्वारा इन-वाइट्रो तथा विभिन्न प्रजातियों के प्राणियों में इन-वाइवो अध्ययनों पर 400 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। इन सबसे सिद्ध हुआ है कि आमलकी में एंटीऑक्सीडेंट, इम्यूनोमोड्यूलेटर, हिपेटोप्रोटेक्टिव, कार्डियोप्रेटेक्टिव, रीनोप्रोटेक्टिव, एंटीडायरियल, एंटीएमेटिक, एन्टीकैंसर, एन्टीडायबेटिक, एन्टीइन्फ्लेमेटरी, एन्टीहाइपरटेंसिव, न्यूरोप्रोटेक्टिव, एंटीएथीरोस्क्लीरोटिक, एन्टीवायरल, ऐन्टीप्रोलीफेरेटिव, एन्टीपायरेटिक, एनलजेसिक, एन्टीमाइक्रोबियल, एन्टीएलर्जिक, एन्टीहापरलिपिडेमिक, एंटीहाइपरथायरॉयडिज्म, एल्डोज रिडक्टेज इनहिबिटर, प्रोटीन काइनेज इनहिबिटर, गेस्ट्रोप्रोटेक्टिव, स्मृतिवर्धक, एन्टीअल्जीमर, एन्टीकेटरेक्ट आदिगुण हैं। विश्व की सर्वाधिक महत्वपूर्ण शोध-पत्रिकाओं में आमलकी पर 2200 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। आँवला के गुणधर्मों पर शास्त्रीय सिद्धांतों एवं साइंटिफिक अध्ययनों के निष्कर्षों में पूर्ण समानता है। त्रिफला नामक उपयोगी रसायन में भी आमलकी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हालाँकि अभी क्लिनिकल ट्रायल्स की आवश्यकता है, परन्तु अभी तक के अध्ययनों में त्रिफला के रोगरोधी या प्रोफायलैक्टिक तथा रोगोपचारी या थेराप्यूटिक गुणधर्म का शास्त्रों और साइंस में निर्विवाद प्रमाणीकरण हुआ है।

आइये अब संहिताओं की ओर चलते हैं। आमलकं वय:स्थापनानाम्(च.सू. 25.40) चरकसंहिता का एक महावाक्य है। अनेक शताब्दियों बाद आचार्य वाग्भट ने इसी वाक्य को वयस: स्थापने धात्री (अ.हृ.उ. 40.56) दोहराया है। सन्दर्भ-विशेष में अर्थ यह है कि आमलकी या आँवला आयु को स्थिर करने वाले द्रव्यों में श्रेष्ठतम है। निहितार्थ यह भी है कि बढ़ती उम्र के बावज़ूद शरीर में आयु-आधारित-व्याधिजननया तो रुक जाता है या गति धीमी हो जाती है। आयु-आधारित व्याधिजनन या एज-रिलेटेड-पैथोजेनेसिस समकालीन विश्व की सबसे गंभीर समस्या है जिससे बायो-मेडिकल साइंस अभी तक पार नहीं पा सका है।

कम से कम पांचवी शताब्दी ईसा पूर्व से लेकर वत्तर्मान काल तक लिखित या संकलित आयुर्वेद की संहिताओं और ग्रंथों के निचोड़ के आधार पर यह कहना उचित है कि आयुर्वेद का ऐसा कोई ग्रन्थ नहीं जिसने आमलकी को एक उच्चकोटि का भोजन, प्रभावी रसायन और महत्वपूर्ण औषधि के रूप में मान्यता नहीं प्रदत्त की हो। चरकसंहिता के अनुसार आँवला में लवण रस के अतिरिक्त सभी रस हैं। अम्लरस-प्रधान, रुक्ष, मधुर, कषाय है। परम कफ-पित्त नाशक, वृष्य या पुरुषत्व-वर्धक, रसायन, तथा गुल्म, उदर, ज्वर, पांडु, अतिसार, प्रमेह, कामला, कृमि आदि रोगों के विरुद्ध उपयोगी है। सुश्रुतसंहिता के अनुसार रक्त-पित्तशामक, नेत्र ज्योति बढ़ाने वाला, पुरुषत्व-वर्धक रसायन है। भावप्रकाश निघंटु के अनुसार यह पुरूषत्व बढ़ाने वाला, रसायन एवं रक्त-पित्त-हर, गुल्महर और प्रमेहहर है। धन्वन्तरि निघंटु के अनुसार पुरूषत्व-वर्धक, रसायन, ज्वरहर, तथा स्त्री रोगों में लाभकारी है। राजनिघंटु के अनुसार आमलकी रक्त-पित्त-हर है। इस सम्बन्ध में भावप्रकाश में वर्णित गुणधर्म देखना उपयोगी है (पूर्वखण्ड 6.2.39-40): हरीतकीसमं धात्रीफलं किन्तु विशेषत:। रक्तपित्तप्रमेहघ्नं परं वृष्यं रसायनम्।। हन्ति वातं तदम्लत्वात्पित्तं माधुर्यशैत्यत:। कफं रूक्षकषायत्वात्फलं धात्र्यास्त्रिदोषजित्।। आँवला हरीतकी की भांति है, विशेषकर रक्त-पित्त-प्रमेहहर, पुरुषत्ववर्धक व रसायन है। अपने अम्ल रस व शीत वीर्य द्वारा वात का शमन और शुष्कता और कषाय के द्वारा कफ शमन करता है। इस प्रकार तीनों दोषों के शमन में विजयी होता है। आचार्य वाग्भट ने आमलक रसायन का वर्णन करते हुये लिखा है (अ.हृ.उ. 39.149): धात्रीरसक्षौद्र सिताघृतानि हिताशनानां लिहतां नराणाम्। प्रणाशमायान्ति जराविकारा ग्रन्था विशाला इव दुर्गृहीता:।। आमले का रस, शहद, खण्ड, तथा घी मिलाकर प्रतिदिन चाटते रहने से जरा-जन्य-विकार ठीक उसी प्रकार नष्ट हो जाते हैं, जैसे– बेमन से पढ़े गये ग्रन्थ भूल जाते हैं। इसी प्रकार आँवले का वाजीकारक, अर्थात वृष्य या पुरुषत्व-वर्धक योग भी निर्दिष्ट है (अ.हृ.उ. 40.27): कृष्णाधात्रीफलरज: स्वरसेन सुभावितम्। शर्करामधुसर्पिर्भिर्लीढ्वा योऽनु पय: पिबेत्।। स नरोऽशीतिवर्षोऽपि युवेव परिहृष्यति। जैसा कि आचार्य सुश्रुत ने भी कहा है (सु.चि. 26.24-25): एवमामलकं चूर्णं स्वरसेनैव भावितम्। शर्करामधुसर्पिर्भिर्युक्तं लीढ्वा पय: पिबेत्।। एतेनाशीतिवर्षोऽपि युवेव परिहृष्यति। तात्पर्य यह है कि आँवला स्वरस से अच्छी तरह भावित आँवला-चूर्ण में, खण्ड, मधु व घी मिलाकर जो व्यक्ति लेकर बाद में दूध पीता है, वह अस्सी साल की उम्र में भी युवा की तरह मौज़ मारता है।

इन सब तथ्यों के कारण भूले-बिसरे आँवले को अपने भोजन का अंग बनाने के लिये हमारा उत्साहित होना स्वाभाविक है। चलते-चलते आपको एक बढ़िया चटनी बनाने की विधि भी बता देते हैं। यह स्वादिष्ट चटनी आपको स्वस्थ रखने में मददगार हो सकती है। चार लोगों के लिये 12 बादाम भीगे और छिलके उतारे हुये या यदि जवान लोगों के लिये है तो छिलका सहित, 2 इंच अदरक का टुकड़ा, 12 मुनक्के, 4 आमलकी के ताज़े फल, 1 मिर्च देसी, 4 दाना लहसुन, यदि आप लेते हों, 20 ग्राम अनार के ताज़े दाने, 1 ग्राम मिश्री, 12 ग्राम धनिया के पत्ते और सैन्धव लवण स्वादानुसार लेकर पीस डालिये। बस बन गयी चटनी। आनंद लीजिये और स्वस्थ रहिये।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त तथा वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**

# शक्ति की उपासना का पर्व नवरात्र



सत्य प्रकाश शर्मा

कलयुग में माँ दुर्गा और श्री गणेश ही प्रधान देव के रूप में पूजे जाते हैं और यह प्रत्यक्ष दिख भी रहा है। जिस ऊर्जा और उत्साह से आज के समय में गणपति उत्सव एवं नवरात्र पर्व मनाए जाते हैं, वैसे अन्य देवों का उत्सव या पर्व नहीं। नये मूल्यों और मान्यताओं के हिसाब से भी यह प्रतीत होता है, क्योंकि माँ दुर्गा शक्ति की एवं श्री गणेश बुद्धि और युक्ति के देवता हैं और वर्तमान युग तकनीकी प्रतिभा, कौशल बुद्धि प्रयत्न अधिक से अधिक शक्ति प्राप्त करने का है।

शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र आत्म संयमी साधकों को आध्यात्मिक प्रेरणा देने की शक्ति का पर्व है। ऋग्वेद के दसवें मंडल में एक पूरा सूक्त शक्ति की आराधना पर आधारित है, जिसमें शक्ति की भव्यता का दुर्लभ स्वरुप हुआ है। "मैं ही ब्रह्म के दोषियों को मारने के लिए शिव का धनुष चलाती हूं। मैं ही सेनाओं को रण क्षेत्र में लाकर खड़ा करती हूं। मैं ही आकाश और पृथ्वी में सर्वत्र व्याप्त हूं। मैं ही सम्पूर्ण जगत की अधिकारी हूं। मैं पारब्रह्म को अपने से अभिन्न रुप में जानने वाले पूजनीय देवताओं में प्रधान हूं। संपूर्ण भूतों में मेरा प्रवेश है।"

सनातन हिन्दू धर्म में ईश्वर की तीन महा शक्तियों यथा महाकाली, महा लक्ष्मी तथा महासरस्वती की पूजा अर्चना और आराधना आदिकाल से ही चली आ रही है। किसी भी राष्ट्र की सर्वतोमुखी प्रगति के लिए केवल शास्त्र बल ही नहीं अपितु शस्त्र और धन की शक्ति भी परम आवश्यक है। इसीलिए हम विद्या बुद्धि के लिए ज्ञान की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की आराधना करते हैं तो शक्ति, साहस, शौर्य और पराक्रम के लिए आदि शक्ति मां दुर्गा की आराधना तो वहीं सुख संपत्ति और ऐश्वर्य के लिए माँ लक्ष्मी की आराधना करते हैं। मार्कण्डेय पुराण में देवी महात्म्य खंड दुर्गा सप्तशती के नाम से उल्लेखित है। इसमें माँ दुर्गा के तीन रुपों का वर्णन है। त्रिगुणात्मक शक्ति के रूप में, सत्वगुणातमिक शक्ति माँ सरस्वती, रजोगुण आत्मिक के रुप में माँ लक्ष्मी एवं तमोगुण आत्मक शक्ति के रुप में माँ महाकाली। तीनों रुपों से संबंधित तीन महान शौर्य गाथाएं भी हैं। प्रथम रुप में मधु और कैटभ नामक राक्षसों के वध का वर्णन है। मध्यम रुप में संत्रासक महिषासुर के विनाश की घटना है व अंतिम रूप में राक्षस शुंभ व निशुंभ के वध की कथा का उल्लेख है।

आदि शक्ति की साधना, नवरात्रों में शक्ति स्वरूपा माँ दुर्गा की आराधना। पूजा-उपासना के नौ दिन लेकिन इन नौ दिनों में जिस शक्ति की पूजा की जाती है। आखिर वो शक्ति है क्या? कहां मिलती है? और कैसे जाग्रत होती है? कई बार यह प्रश्न माँ दुर्गा की आराधना के समय अधिकतर लोगों के मन में अवश्य जाग्रत होते हैं। शक्ति का अर्थ शायद शेर पर सवार व हाथ में त्रिशूल लिए असुरों का विनाश करने वाली माँ दुर्गा के स्वरूप से कुछ लोग समझते हैं। जबकि यह सही नहीं है। माँ आदिशक्ति की शक्ति किसी एक स्वरुप में नहीं बल्कि साधक की भक्ति में ही निहित है। शास्त्रों में ऐसा उल्लेख मिलता है कि शिव कभी भी शक्ति के बिना नहीं रहे और ना ही शक्ति ने कभी शिव का साथ छोड़ा। माँ सती के शरीर के अग्नि में विसर्जन के बाद भी शक्ति शिव के साथ ही थीं। प्रत्येक मानव शरीर में भी इसी प्रकार की शक्ति अदृश्य रुप से अंतर्निहित होती है। बस इसी शक्ति को अपने सामने प्रत्यक्ष करने का नवरात्र के दिनों में अवसर मिलता है।

नवरात्र के पहले दिन यानी प्रतिपदा के दिन घट स्थापना की जाती है व सात प्रकार की मिट्टियां एक मिट्टी के पात्र में भरकर शुद्ध जल के साथ जौं बोये जातें हैं जो पल्लवित होकर नौ दिनों में ज्वारे का रुप धारण करते हैं। पंच पल्लव एवं पंच रत्न मिलाकर स्थापित कलश के समीप ही माँ दुर्गा की उज्जवल छवि वाली भव्य प्रतिमा स्थापित की जाती है। एवं नवरात्र में नव दुर्गा के नौ स्वरूपों यथा– शैलपुत्री, ब्रह्म चारिणी, चंद्र घंटा, कूष्माण्डा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी व सिद्धिदात्री के रुप में भक्ति भाव से पूजा अर्चना की जाती है। जिस प्रकार वेद अनादि हैं उसी प्रकार दुर्गा सप्तशती भी अनादि हैं।

इसमें वर्णित मधुकैटभ, महिषासुर एवं शुंभ निशुंभ जैसी आसुरी शक्तियां अन्याय, आतंक, शोषण, अनाचार, विध्वंस और और सर्वनाश की प्रतीक है। यदि मानसिक विकारों, चिंताओं और संकटों से मुक्त, सुखद, समृद्ध व आनंदमयी स्वस्थ जीवन चाहते हैं तो हमें माँ दुर्गा की आराधना निर्मल भक्ति भाव से करनी चाहिए। भारत की सांस्कृतिक चेतना शुरू से ही मातृ शक्ति के प्रति श्रद्धा सम्मान और नारि शक्ति के वंदन के भाव से समर्पित रही है और इसीलिए हम सभी नवरात्रों में अपने मनोरथ सिद्धि के लिए विधा, लक्ष्मी और शक्ति की उपासना करते हैं। निसंदेह मन के धरातल पर मां दुर्गा की आराधना से हम महारोग, महासंकट, महादुख, महाशोक एवं महोत्पात से मुक्त हो कर अपने जीवन को धन्य और मंगल बना सकते हैं। यह अद्भुत परंपरा संसार में अन्यत्र कहीं भी नहीं है।

**–सत्यप्रकाश शर्मा, जोधपुर**

# दंगल अखाड़े में महिला व पुरुष पहलवानों ने दिखाया दमखम

## भीलवाड़ा में पहलवान स्व. देवाजी उस्ताद की स्मृति में नौ दंगल का आयोजन

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भीलवाड़ा में पहलवान स्व. देवाजी उस्ताद की स्मृति में पहली बार एक साथ नौ दंगल का आयोजन किया जा रहा है। शहर के कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित इस दंगल प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 350 पुरुष और 70 महिला पहलवान जोर आजमाइश के लिए भीलवाड़ा आए हैं। भीलवाड़ा में यह अपनी तरह का पहला आयोजन है जिसमें छह दंगल पुरुषों के लिए और तीन दंगल महिलाओं के लिए आयोजित किया जा रहे हैं।

- **दंगल प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 350 पुरुष और 70 महिला पहलवान जोर आजमाइश के लिए भीलवाड़ा आए**
- **प्रतियोगिता में शनिवार को भीलवाड़ा के पहलवान का दबदबा रहा, आज होगा समापन**

प्रदेश के हनुमानगढ़, उदयपुर, चूरू, राजसमंद, जयपुर, भरतपुर, टोंक सहित कुल 420 महिला व पुरुष पहलवान इस दंगल में भाग ले रहे हैं। दंगल पूरी तरह से निशुल्क है। रविवार को फ़ाइनल ख़िताब के लिये ज़ोर आज़माइश के साथ दंगल का समापन होगा। प्रतियोगिता में शानिवार को दूसरे दिन भीलवाड़ा के पहलवान का दबदबा रहा। कड़े मुकाबले में मोहित बिश्नोई भीलवाड़ा ने राहुल कुमावत जयपुर को, शिवराज वैष्णव भीलवाड़ा ने हरेंद्र ढाका भरतपुर को, कुणाल आचार्य भीलवाड़ा ने महेश गिरी सुवाणा को, राहुल जाट भीलवाड़ा ने राघव शर्मा को, हनुमान प्रजापत भीलवाड़ा ने मोहम्मद शमी टोंक को हराया। पुरुष वर्ग में राजस्थान केसरी, राजस्थान कुमार, राजस्थान किशोर, राजस्थान अभिमन्यु, राजस्थान बसंत और राजस्थान बाल वीर दंगल का आयोजन किया जा रहा है। महिला वर्ग में राजस्थान केसरी, राजस्थान कुमारी और राजस्थान किशोरी दंगल का आयोजन किया जाएगा।



भीलवाड़ा में पहलवान स्व. देवाजी उस्ताद की स्मृति में पहली बार दंगल का आयोजन हुआ।

## उज्ज्वल ने गोल्ड मैडल जीता

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम बखराना के छात्र उज्जवल ने 10 किलोमीटर क्रॉस कंट्री रेस में गोल्ड मैडल जीत कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

जानकारी के अनुसार उज्जवल पुत्र सत्येंद्र निवासी ग्राम बखराना ने इंटर मिलैट्री स्कूल चैम्पियनशिप में गोल्ड मैडल जीत कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। उज्जवल राष्ट्रीय मिलैट्री स्कूल बेलगांव में कक्षा 10 में अध्यनरत है। बेलगांव मिलैट्री स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में उज्जवल ने ये मुकाम हांसिल किया। गत वर्ष उज्जवल ने बॉक्सिंग में गोल्ड जीता था।



# आचार संहिता लगने पर भी नहीं ढकी राजनेताओं के नाम लगी शिलान्यास पट्टिकाएं

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के राजकीय संस्थानों में प्रदेश में आचार संहिता लगने के बाद भी राजनेताओं के नाम लगी शिलान्यास व लोकार्पण पट्टीकाट्ठओं को अब तक नहीं ढका गया है। लोगों द्वारा आदर्श आचार संहिता के दौरान बरती गई इस लापरवाही एवं निर्वाचन आयोग द्वारा आचार संहिता लागू होने के साथ ही आचार संहिता की उल्लंघन करने वाले बैनर पोस्टर इत्यादि को निश्चित समय अवधि में नहीं हटाने वाले जिम्मेदार कार्मिकों पर कार्रवाई की मांग भी की है।

- **लालसोट उपखंड क्षेत्र में आचार संहिता की उड़ रही धज्जियां**

लालसोट सहित पूरे प्रदेश में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से मतदान करवाने एवं आदर्श आचार संहिता के नियमों की पालना करवाने को लेकर टीमें गठित की गई एवं नियमों की पालना करवाने के लिए सख्त आदेश जारी भी किए गए। साथ ही सरकारी भवन एवं सार्वजनिक जगह सहित निजी भवनों से आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले सामग्री को हटाने के लिए समय सीमा भी तय की गई। लेकिन कई सार्वजनिक जगह और राजकीय भवनों में लगी शिलान्यास, लोकार्पण पट्टिकाओ व सरकारी योजनाओं पर लगे फोटो हटाने के आदेश जारी होने पर भी राजकीय जगहों पर शिलान्यास लोकार्पण पट्टिकाओ समेत सरकारी योजनाओं पर लगे फोटो को ना तो हटाया गया और ना ही पेपर लगाकर ढका गया। या यूं कहे कि ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित राजकीय विद्यालयों में सरेआम शिलान्यास लोकार्पण पट्टिकाएं खुली हुई है और चुनाव आयोग के नियमों की धज्जियां उड़ाने में लगी हुई हैं।




लालसोट विधानसभा क्षेत्र के एक राज्यकीय विद्यालय में आचार संहिता के बाद भी जनप्रतिनिधियों की शिलालेख पट्टिका को खुला छोड़ गया है।

## राशिफल रविवार 15 अक्टूबर, 2023



पंडित अनिल शर्मा

आश्विन मास, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2080, चित्रा नक्षत्र सांय 6:12 तक, वैधृति योग प्रात: 10:24 तक, किस्तुघन करण प्रात: 11:59 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-तुला, मंगल-तुला, बुध-कन्या, गुरू-मेष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज से राष्ट्रीय नवरात्रा आरम्भ होंगे। आज मातामह श्राद्ध, वैधृति पूण्य और अग्रसेन जयन्ती है। आज घट स्थापना का सर्वश्रेष्ठ समय प्रात: 6:30 से 8:47 तक है और अभिजित मुर्हूत दिन 11:50 से 12:36 तक रहेगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:53 से 9:20 तक, लाभ-अमृत 9:20 से 12:14 तक, शुभ 1:42 से 3:09 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:30, सूर्यास्त 5:56

**मेष**
परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**वृष**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। आज अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**मिथुन**
परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। आज परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**कर्क**
परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक-मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।

**सिंह**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित परेशानियां दूर होने लगेगी। आज धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**तुला**
घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। व्यक्तिगत कार्यों के कारण मानसिक तनाव बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**धनु**
आवश्यक और महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। मन:स्थिति ठीक नहीं रहेगी। भावनात्मक कारणों के कारण मानसिक तनाव हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कुंभ**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक परेशानियां दूर होने लगेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**मीन**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखना ठीक रहेगा। चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 | वर्षः 15 | संख्याः 168 | प्रभात | चूरू, रविवार 15 अक्टूबर, 2023 | पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 | पृष्ठ 8 | मूल्य 2.50 रु.

## स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में मिस्त्री की एंट्री चर्चा का विषय बनी

### क्या राहुल गांधी के निर्देश पर वे स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में आए थे

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर। राजस्थान स्क्रीनिंग कमेटी की चार घंटे तक नई दिल्ली में बैठक हुई, जिसमें राज्य विधानसभा की सभी 200 सीटों के प्रत्याशियों के बारे में चर्चा हुई। इस दौरान टिकट की लड़ाई सड़कों पर आ गई। ज़ाहिदा खान के विरोधियों ने खूब हगांमा किया व उन्हें टिकट नहीं देने की मांग की। इसी के साथ ज़ाहिदा खान के समर्थक भी मैदान में आ गए, जमगर नारेबाज़ी हुई।




- एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि, अशोक गहलोत टिकटों के मुद्दे पर मनमानी न कर पाएं, यह सुनिश्चित करने के लिए राहुल गांधी के कहने पर मधुसूदन मिस्त्री स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में शामिल हुए।
- ज्ञातव्य है कि, मिस्त्री खुद एक दिन पहले एक बयान में स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में भाग लेने से मना कर चुके थे।
- मीटिंग का मुख्य बिंदु था, उन सर्वेक्षणों व उनके नतीजों पर जोर दिया जाए जो निष्पक्षता से किए गए थे तथा जिनके आधार पर कुछ विधायकों के टिकट काटे जा सकते हैं।
- स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के बाहर अप्रिय हालात देखे गए। ज़ाहिदा खान के विरोधियों ने उन्हें टिकट नहीं देने के लिए नारेबाजी की तो ज़ाहिदा के सर्मथकों ने जवाब में नारेबाजी की। यहां तक कि, पुलिस बुलानी पड़ी।

प्रदर्शनकारियों को हटाने व नारेबाजी पर नियंत्रण के लिए पुलिस बुलानी पड़ी।

कांग्रेस वॉर रूम के बाहर हो रहे हगांमे से स्पष्ट था कि प्रत्याशियों के मुद्दे पर पार्टी किस कदर विभाजित है, पार्टी में भारी गुटबाजी हैं।

स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक का रोजक पक्ष था मधुसूदन मिस्त्री का आगमन। हालांकि एक दिन पहले उन्होंने कहा था कि वे सिर्फ सैंट्रल इलैक्शन कमेटी की बैठक में शामिल होंगे, स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में नहीं लेंगे।

एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि मिस्त्री की उपस्थिति महत्वपूर्ण है। वे इसलिए आए ताकि यह सुनिश्चित कर सकें कि अशोक गहलोत अपनी मनमानी न कर पाएं। मिस्त्री से राहुल गांधी ने कहा था, स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में जाने के लिए ताकि निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डोटासरा ने बताया कि तीन अलग क्षेत्रों को देख रहे तीनों सचिवों ने अपनी-अपनी प्रैज़ैंटेशन दी थी।

उन सर्वेक्षणों पर जोर दिया जाए जो बहुत निष्पक्षता से करवाए गए है क्योंकि खासकर इनके नतीजों की वजह से ओर इनमें वर्तमान विधायकों के टिकट काटने की बात की जा रही है।

कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक 17 अक्टूबर को होगी, जिसमें सभी तो नहीं पर कई सीटों पर टिकटों को मंजूरी दे दी जाएगी। छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश के लिए रविवार को टिकटों की घोषणा हो सकती है। क्योंकि इसी दिन से नवरात्र की शुरुआत हो रही है।

## मध्य प्रदेश में कांग्रेस की पहली लिस्ट संभवतया आज घोषित होगी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर। हिन्दू कलैण्डर में शनिवार को अमावस्या पड़ने के अमंगल दोष के बाद अब कांग्रेस मध्य प्रदेश के 2 सौ 30 सदसीय विधानसभा चुनाव के लिए 2 सौ उम्मीदवारों की लिस्ट नवरात्र के प्रथम दिन यानी कि रविवार को जारी करने की तैयारी में है।

मध्यप्रदेश के कांग्रेस प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने बताया कि अगले तीन या चार दिन में पूरी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सियाचिन में मिली जवानों को लाइफ लाइन

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर। भारतीय सेना ने भारत संचार निगम लिमिटेड

- सियाचिन ग्लेशियर पर भारतीय सेना ने बी.एस.एन.एल. के सहयोग से भारत ने मोबाइल टावर लगाया है, इससे वहां तैनात जवान आराम से अपने परिजनों से बात कर सकेंगे।

(बी.एस.एन.एल.) की मदद से एक दुर्लभ काम किया है। सियाचिन ग्लेशिया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## युवक कांग्रेस के मनु जैन हैंडल करेंगे गहलोत का सोशल मीडिया पी.आर.

### बड़े दिलवाले अशोक गहलोत ने मनु जैन को 6 करोड़ रू. का कॉन्ट्रैक्ट दिया

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर। कांग्रेस में यह चुनावी मौसम है और कई नेताओं को आकर्षक ठेके दिए जा रहे हैं क्योंकि कांग्रेस बहुमूल्य संसाधन बाहर वालों को देने में विश्वास नहीं करती।

सबसे ज्यादा उदार और बड़े दिल वाले हैं राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जिन्होंने युवा कांग्रेस के मनु जैन को 6 करोड़ रूपए का ठेका दिया है, सोशल मीडिया के प्रबंधन के लिए।

जैन भारतीय युवा कांग्रेस के लिए सोशल मीडिया का काम देखते हैं और चूंकि वे राजस्थान के प्रभारी भी हैं इसलिए उन्होंने मोटा सौदा हथिया लिया है। वे कोविड काल में भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास के निकट आए और उनके सोशल मीडिया का प्रबंधन किया था।

अब वे सोशल मीडिया पर अशोक गहलोत को चमकाएंगे और सूत्रों का कहना है कि जो पैसा दिया जा रहा है वह गहलोत के जनसंपर्क के लिए है, पार्टी के लिए नहीं।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी अशोक गहलोत जितने ही बड़े दिलवाले हैं। उन्होंने राधिका खरे को 10 करोड़ रूपए का ठेका दिया है। उन पर और उनकी सरकार की उपलब्धियों पर दो फिल्में बनाने के लिए।

- मनु जैन, युवा कांग्रेस का सोशल मीडिया भी देखते हैं और युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास के बेहद करीबी हैं।
- चर्चा है कि, मनु जैन को यह भुगतान गहलोत का प्रचार करने के लिए दिया गया है, पार्टी के काम के लिए नहीं।
- रोचक बात यह है कि, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने भी ऐसी ही दिलदारी दिखाई। उन्होंने राधिका खरे को 10 करोड़ रू. का कॉन्ट्रैक्ट दिया है। वे बघेल सरकार की उपलब्धियों पर दो फिल्में बनाएंगी। राधिका खरे ए.आई.सी.सी. के मीडिया विभाग में मीडिया कोऑर्डिनेटर हैं।
- छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव भी पीछे नहीं हैं। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का सोशल मीडिया मैनेज करने वाले गौरव पांधी की सेवाएं ली हैं। यह डील ढाई करोड़ रूपए में हुई है।

राधिका खरे ए.आई.सी.सी. मीडिया विभाग में मीडिया समन्वयक हैं और आगामी चुनाव के लिए वे बतौर मीडिया समन्वयक छत्तीसगढ़ गई है और मीडिया समन्वयक के रूप में उन्हें बघेल ने उन्हें बहुत आकर्षक ठेका दिया है जो एक निजी सौदा है हालांकि वे ए.आई.सी.सी. की प्रतिनिधि है।

यह निर्माण संस्था उनकी मां की बताई जाती है, जो ये फिल्में बनाएगी।

पिछले चुनाव में भी वे छत्तीसगढ़ में सक्रिय थीं। जब उन्होंने दिल्ली के जनकपुरी से चुनाव लड़ा तो भूपेश बघेल उनका प्रचार करने आए थे।

वैसे यह एक दिलचस्प व्यवस्था है उन्हें निजी रूप से वह काम करने के लिए इतना पैसा दिया जा रहा है जो उन्हें अधिकारिक रूप से करना चाहिए।

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने एक गौरव पांधी के सेवाएं ली हैं जो कांग्रेस अध्यक्ष

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सैन्य कमाण्डरों का सम्मेलन सोमवार से नई दिल्ली में

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर। भारतीय सेना के कमांडरों का सम्मेलन 16 से 20 अक्टूबर को नई दिल्ली में हो। यह उच्च स्तरीय द्विवार्षिक कार्यक्रम सैद्धान्तिक आधार पर बना विचार विमर्श का संस्थागत मंच है, जिसमें

- पांच दिन चलने वाले, इस सम्मेलन में सेना के महत्वपूर्ण नीतिगत फसलों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन को रक्षा मंत्री, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ व तीनों सेनाध्यक्ष भी संबोधित करेंगे।

भारतीय सेना के महत्वपूर्ण नीतिगत फैसले लिए जाते हैं।

इस वर्ष का सम्मेलन हायब्रिड प्रारुप में होगा जिसमें पहले दिन सेना कमांडर व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की वर्चुअल मीटिंग होगी। इसके बाद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पंजाब में कांग्रेस छोड़ने वाले चार पूर्व मंत्रियों ने घर वापसी की घोषणा की

### 2022 के विधानसभा चुनाव से पूर्व तीन पूर्व मंत्री भाजपा में और एक शिरोमणि अकाली दल में शामिल हो गए थे

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर। पंजाब में कांग्रेस का राजनैतिक भविष्य उत्थान की ओर लग रहा है क्योंकि उसे छोड़कर जो तीन मंत्री भाजपा में और एक शिरोमणि अकाली दल में शामिल हो गए थे 2022 विधानसभा चुनाव से पहले या तुरंत बाद, उन्होंने "घर वापसी" की घोषणा कर दी है।

पार्टी का दबदबा तब और बढ़ा जब अकाली दल के दो और नेताओं ने फिर से कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की जिनमे से एक दो बार और एक चार बार विधायक रह चुके हैं।

शुक्रवार को कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल से दिल्ली में मिलकर कांग्रेस में लौटने की इच्छा व्यक्त की, उनमें शामिल हैं भाजपा के राजकुमार वर्मा, बलबीर सिंह सिद्धू और गुरप्रीत सिंह कंगार तथा अकाली दल के हंसराज जोसान, डॉ. मोहिंदर सिंह रिणवा और जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू, कंगार और जोसानप कांग्रेस सरकारों में मंत्री रहे हुए हैं। आज दिन में अकाली दल ने जोसान

- इसके अलावा अकाली दल के दो अन्य नेता जिनमें एक नेता चार बार के विधायक हैं व दूसरे दो बार विधायक रहे हैं, कांग्रेस में शामिल होना चाहते हैं।
- कांग्रेस में वापसी की इच्छा के साथ आज राजकुमार वेर्का, बलबीर सिंह सिद्धू, गुरप्रीत सिंह कानगर (सभी भाजपा के) और हंसराज जोसान, डॉ. मोहिंदर सिंह रिणवा, जीत मोहिंदर सिंह (सभी अकाली दल) ने के.सी. वेणुगोपाल से मुलाकात की।
- कांग्रेस के इन नेताओं की वापसी दर्शाती है कि, अकाली दल का प्रभाव तेजी से घट रहा है और भाजपा के लिए भी यह बड़ा झटका है। इस घटनाक्रम से कांग्रेस का रुतबा बढ़ा है, जो आप के साथ सीटों के बंटवारे में कांग्रेस को लाभ देगा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## गर्भ निरोधक गोली ने महिलाओं के करियर को नई उड़ान दी

### नोबेल विजेता अर्थशास्त्री क्लॉडिया ने माना कि, जिन क्षेत्रों में यह गोली सहज सुलभ थी, वहां महिलाओं के करियर की स्थिति गुणात्मक रुप से बेहतर थी

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर। यूक्रेन युद्ध और हाल ही में हमास -इज़राइल संघर्ष ने कई चीजों को जनता की नज़रों से ओझल कर दिया। इनमें से एक है इस वर्ष एक कम चर्चित उच्च श्रेणी की शिक्षक को मिला इकोनॉमिक्स का नोबेल प्राइज़।

क्लॉडिया तीसरी महिला हैं जिन्हें इकोनॉमिक्स में नोबेल प्राइज़ मिला है। यह अपने आप में एक आकलन है उस बात का, जिसका पता लगाने में क्लॉडिया ने अपना जीवन लगा दिया- तनख्वाह में लिंग भेद और क्यों महिलाओं को अपने पूरे करियर में पुरुषों से कम तनाख्वाह मिलती है।

- क्लॉडिया गोल्डिन ने यह जानने में पूरा जीवन लगा दिया कि, क्यों महिलाओं को अपने पूरे करियर में पुरुषों से कम वेतन मिलता है।
- क्लॉडिया ने कहा कि, गर्भ निरोधक गोली की उपलब्धता ने महिलाओं को भविष्य के लिए ही दीर्घकालीन योजना बनाने में सहायता दी।
- शादी और बच्चे पैदा करने का निर्णय कुछ समय के लिए स्थगित कर महिलाएं अपने करियर पर ध्यान दे सकती हैं तो इसमें गर्भ निरोधक गोली की भूमिका महत्वपूर्ण है।

विडम्बना है कि, क्लॉडिया को उसी दिन नोबेल मिला जिस दिन, अमेरिका के नैशनल ब्यूरो ऑफ इकोनॉमिक रिसर्च (एन.बी.ई.आर.) संस्थान ने क्लॉडिया द्वारा लिखा एक पेपर जारी किया, जिसका शीर्षक है "वाय वुमन वन" (महिलाएं क्यों जीतीं)। इसके बाद नोबेल की घोषणा हुई।

यदि आप कुछ शरारती मूड में हैं, तो यह कह सकते हैं कि, क्लॉडिया गोल्डिन का जीवन कॉन्ट्रासैप्टिव पिल (गर्भ निरोधक गोली) तथा एक अर्थशास्त्री के तरीके से लालच को परिभाषित करने के इर्द गिर्द घूमता रहा। अपने जीवन का ध्येय मिलने से पूर्व उनको कई अन्य विषयों में रुचि थी, लेकिन फिर यह जानना उनके जीवन का उद्देश्य बन गया कि, समान रुप से सक्षम पुरुषों की तुलना में क्यों महिलाएं अपने करियर व आय में पीछे रहती हैं।

इस अवधारणा को समझाने के लिए उन्होंने, तथाकथित विस्तृत व सख्त

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



# पोकरण में 25 लाख की नगदी के साथ युवक को पकड़ा

## संदिग्ध व्यक्ति को आयकर विभाग की टीम को सुपुर्द किया



पोकरण पुलिस ने 25 लाख नकदी सहित युवक को पकड़ा।

**पोकरण,** (निसं)। पोकरण में 25 लाख की नगदी के साथ युवक को पकड़ा। दस लाख रुपये से अधिक राशि होने के कारण आयकर विभाग को सूचना देनी आवश्यक होने से आयकर विभाग को सूचना दी गई। जिस पर आयकर विभाग की टीम पहुंची और संदिग्ध व्यक्ति को आयकर विभाग की टीम को सुपुर्द किया गया।

पोकरण चुनाव आयोग की गाईडलाईन अनुसार निष्पक्ष व भयमुक्त चुनाव के लिए जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर विकास सांगवान के आदेशानुसार जिला जैसलमेर में विभिन्न स्थानों पर पुलिस नाकाबंदी हेतु नाका लगाये गये हैं। 13 अक्टूबर को प्राप्त मुखबिर सूचना पर गोपालसिंह भाटी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पोकरण के निर्देशन में कैलाश बिश्नोई वृताधिकारी पोकरण के सुपरविजन में दिनेश लखावत निपु थानाधिकारी पुलिस थाना पोकरण के नेतृत्व में पुलिस नाका लवां पर बस्ताराम सउनि, प्रवीणसिंह हैड कानिस्टेबल मय जाब्ता व भीमराव सिंह हैड कांस्टेबल डीसीआरबी जैसलमेर मय जिला विशेष टीम द्वारा प्राईवेट बस को रुकवाकर तलाशी ली, तो बस में सवार संदिग्ध व्यक्ति मिला जिसको नाम पता पूछा तो अमरसिंह पुत्र हीरसिंह राजपूत साल निवासी पोहडा पुलिस थाना सदर जिला जैसलमेर होना बताया।

जिसके पास मिले काले रंग बैग के बारे में पूछा तो उसने इस बैग में लगभग 25 लाख रूपये नगद होना बताया जो कि दो अलग अलग पैकेट में डाले हुए थे। नगदी के बारे में उक्त शख्स से पूछताछ की गई तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। मामला संदिग्ध होने के कारण उसे पुलिस टीम द्वारा डिटेन किया गया। दस लाख रुपये से अधिक राशि होने के कारण आयकर विभाग को सूचना देनी आवश्यक होने से आयकर विभाग को सूचना दी गई। जिस पर आयकर विभाग की टीम पहुंची। जिस पर रूपयों की नियमानुसार गिनती की गई तो कुल 24,68,700 रुपये नगद व संदिग्ध व्यक्ति अमरसिंह को आयकर विभाग की टीम को अग्रीम कार्यवाही हेतू सुपुर्द किया गया।

# नाकाबंदी में 53 लाख रुपए की नकदी मिली

## दो युवक गिरफ्तार

- बरामद नगदी के बारे में दोनों युवकों से पूछताछ करने पर कोई जवाब नहीं दिया
- जिला पुलिस व आबकारी विभाग ने संयुक्त कार्यवाही की

**ब्यावर,** (निसं)। आगामी विधानसभा आम चुनाव 2023 की घोषणा के पश्चात लागू आचार संहिता के तहत जिला प्रशासन, पुलिस विभाग सहित अन्य संबधित विभाग चुनाव से जुड़ी प्रत्येक गतिविधियों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। इसी के तहत शनिवार को पुलिस व आबकारी विभाग के संयुक्त दल द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई।

उपखंड अधिकारी मृदुल सिंह के निर्देश पर उदयपुर रोड स्थित चुंगी नाका पर पुलिस व आबकारी के लगभग 15 स्टाफ द्वारा नाकाबंदी कर सभी वाहनों की सघन तलाशी ली जा रही थी। इसी दौरान एक काले रंग की कार की तलाशी के दौरान 53 लाख रुपए की नगदी बरामद हुई एवं दो लोगों को गिरफ्तार किया जाकर पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

उपखंड अधिकारी मृदुल सिंह ने बताया कि कार्यवाही की सूचना एफएसटी टीम को दी गई है व चुनाव के नियमों के तहत आगे की कार्यवाही जारी है। सहायक पुलिस अधीक्षक मनीष चौधरी ने बताया कि बरामद की गई नगदी के बारे में दोनों युवको द्वारा पूछताछ करने पर संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने पर उन्हें गिरफ्तार व नकदी जब्त कर आगे की कार्यवाही की जा रही है । इस दौरान आबकारी विभाग के पेट्रोलिंग अधिकारी छीतरमल, कांस्टेबल इरफान सहित ब्यावर सीओ स्टाफ, साकेत नगर थाना व सिटी थाना के स्टाफ मौजूद रहे।

# जिला कारागार का मुख्य प्रहरी 20 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

- परिवादी के दोस्त को कारागार में परेशान नहीं करने की एवज में रिश्वत ली



आरोपी रामावतार शर्मा

**बहरोड़/अलवर,** (निसं)। शनिवार को एसीबी मुख्यालय जयपुर के निर्देश पर अलवर की प्रथम इकाई द्वारा कार्यवाही करते हुए जिला कारागार अलवर के मुख्य प्रहरी को परिवादी के दोस्त को कारागार में परेशान नहीं करने की एवज में 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों धर दबोचा।

एसीबी अतिरिक्त महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की अलवर प्रथम इकाई को परिवादी ने बताया गया कि दोस्त को कारागार में परेशान नहीं करने की एवज में जिला कारागार अलवर का मुख्य प्रहरी रामावतार शर्मा 70 हजार रुपए की रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहा है। जिस पर जयपुर के उप महानिरीक्षक एसीबी पुलिस कालूराम रावत के सुपरविजन में अलवर की प्रथम इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया गया और शनिवार को पुलिस निरीक्षक प्रेमचंद और उसकी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुए रामावतार पुत्र हजारीलाल शर्मा निवासी मालूताना तहसील थानागाजी जिला अलवर जो कि हाल में मुख्य प्रहरी जिला केंद्रीय कारागार अलवर में परिवादी से 20 हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। वहीं एसीबी उप महानिरीक्षक कालूराम रावत के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

# 500-500 के 88 जाली नोट सहित एक गिरफ्तार



नकली नोटों के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया।

**उनियारा/चौरु/टोंक,** (निसं)। राजर्षि राज पुलिस अधीक्षक टोंक आदेशानुसार अगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए अलीगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत में पचाला चौकी पर नाकाबन्दी के दौरान 500-500 रुपये के 88 जाली नोट सहित एक मुल्जिम गिरफ्तार किया गया है।

अलीगढ़ थानाधिकारी हेमराज मीना ने बताया कि जाप्ता मय जीप पचाला चौकी प्रभारी हेड कांस्टेबल राम सहाय गुर्जर द्वारा चौकी पचाला के सामने एन. एन 116 पर नाकाबन्दी की जा रही थी। दौराने नाकाबन्दी एक ब्रेजा कार बिना नम्बरी सवाई माधोपुर की तरफ आती हुई दिखाई दी। जिसको अलीगढ़ थानाधिकारी हेमराज मीणा मय जाप्ता द्वारा रोककर गाड़ी में आगे बैठे व्यक्ति को नीचे उतारकर चैक किया तो उसके पैन्ट के दाहिनी जेब में एक 500-500 रुपये के नोटों की गड्ढी मिली। जिसके बारे में उक्त व्यक्ति से उक्त नोटों के बारे में पूछताछ की जा रही थी। इतने में ब्रेजा गाडी का चालक अपनी गाडी को लेकर अन्धेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

उक्त व्यक्ति से अपना नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम जसराम पुत्र लट्ठुलाल मीना उम्र 24 साल निवासी मेदपुरा थाना बौली जिला सवाई माधोपुर का होना बताया। जिसके पास तलाशी में मिले 500-500 के कुल 88 नोट कुल 44,000 रुपये पाये गये जिस पर नोटों को बारिकी से देखा गया तो उक्त 500-500 रुपये के नोटों पर भारतीय रिजर्व बैंक व दो-दो, तीन-तीन अलग अलग नोटों पर एक ही सीरीयल नं. अंकित होने से उक्त नकली नोट होना पाया जाने पर 44,000 रुपये के नकली नोटो को जरिये फर्द मौके पर ही जप्त किया गया एवं मुल्जिम को गिरफ्तार किया गया।

# 'ईडी का उपयोग कर अपनी हार की बौखलाहट जता रही है भाजपा'

- ईडी के छापों के बाद दिनेश खोडनिया का किरोड़ी व भाजपा पर पलटवार

**डूंगरपुर,** (निसं)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं एआईसीसी के सदस्य दिनेश खोडनिया ने शुक्रवार को उनके निवास व समधि के यहां ईडी द्वारा की गई कार्यवाही को लेकर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा देश में लोकतंत्र को खत्म करने पर आमदा है और ईडी ओर सीबीआई के जरिये कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को दबाने का प्रयास कर रही है जो कि उसके आगामी पांच राज्यों में होने वाले चुनावों में बौखहलाहट का प्रतीक है, लेकिन गांधी के विचारक कांग्रेस जन कभी भी हारने वाले नहीं है तथा हर चुनौति का डटकर मुकाबला करेंगे। खोडनिया ने यह बात शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि पेपर लिक मामले में आरोपी बाबूलाल कटारा की गिरफ्तारी के बाद से ही उदयपुर संभाग में कांग्रेस जनों को भाजपा का केन्द्र नेतृत्व टारगेट बनाने पर आमदा था और इसी के चलते भूपेन्द्र सारण नामक आरोपी के कहने पर उन्हें भी निशाना बनाया गया और उसी के चलते शुक्रवार को जब वे उदयपुर थे अल सुबह ईडी के अधिकारी उनके सागवाडा निवास पर पहुंचे। जैसे ही उन्हें सूचना मिली वे भी सागवाडा पहुंचे जहां उनसे बाबूलाल कटारा की आरपीएससी मेम्बर के रूप में हुई नियुक्ति में भूमिका को लेकर सवाल दागे गये। जिस पर उन्होंने कहा कि उदयपुर संभाग जनजाति बाहुल क्षेत्र है और यहां से इस महत्वपूर्ण सरकारी महकमे में नियुक्ति के रूप में एक व्यक्ति का चयन सत्तारूढ़ दल के नेताओं व क्षेत्रीय संगठनों के कहने पर नियुक्ति होती है और उसी के चलते इस क्षेत्र के तमाम जन प्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों ने कटारा सहित अन्य नामों की शिफारिश की थी और उसी आधार पर राजस्थान लोक सेवा आयोग में सदस्य के रूप में नियुक्ति की गई जो कि पूरी तरह पारदर्शी व नियमानुसार की गई।

उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में उनके उपर बेबूनियाद आरोपों के जरिये तथा राज्य की अशोक गहलोत सरकार द्वारा जो जनहित के कार्य किये गये है उससे बोखहलाकर भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व अन्य राज्यों की तरह राजस्थान में भी ईडी का दुरूपयोग करने में जुटी हुई है और उसके जरिये वह कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दबाने की कौशिश कर रही है लेकिन आजादी से पूर्व जो देश को मजबुत बनाने का संकल्प लेकर चलने वाले संगठन के कार्यकर्ता भाजपा की इन घटिया चालों से विचलित होने वाले नहीं है। यही नहीं उन्होंने आरोप लगाया कि कटारा प्रकरण को आठ माह गुजर जाने के बावजूद चुनावों की तिथि घोषणा एवं आचार संहिता लगने के साथ ही ईडी की छापेमारी बढ़ना राज्य में भाजपा की हार को सुनिश्चित करता है।

उन्होंने भाजपा के मानसिक रूप से बीमार सांसद किरोड़ीलाल मीणा द्वारा उन पर लगाये गये आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि आये दिन वे इसी तरह की हरकतों के कारण चर्चाओं में रहते है। उन्होंने कहा कि अगर संगठन ने उन्हें मौका दिया तो वे किरोडीलाल मीणा के खिलाफ ही चुनाव मैदान में उतरेंगे। पत्रकार वार्ता में अल्पसंख्यक वित्त विकास आयोग के अध्यक्ष असरार अहमद, कांग्रेस जिलाध्यक्ष वल्लभराम पाटीदार, सागवाडा पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# सांसद देवजी पटेल को टिकट देने पर छह भाजपा मंडल अध्यक्षों ने इस्तीफा दिया

## सांचोर में जीवाराम-दानाराम ने एक होकर चुनाव लड़ने की भरी हुंकार



सांचोर विस. क्षेत्र में टिकट वितरण से नाराज छह मंडल अध्यक्षों ने प्रदेशाध्यक्ष जोशी को इस्तीफा भेजा।

**जालोर,** (कासं)। सांचोर विधानसभा क्षेत्र से सांसद देवजी पटेल को भाजपा द्वारा टिकट देने के बाद विरोध थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। शनिवार को भाजपा के दावेदार पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी व पूर्व प्रत्याशी दानाराम चौधरी ने शीर्ष नेतृत्व को आगाह किया कि 30 अक्टूबर तक सांचोर से टिकट नहीं बदला तो आमजन व कार्यकर्ता जो निर्णय लेंगे वह स्वीकार होगा। दोनों ने प्रेस वार्ता कर देवजी को टिकट देने का विरोध प्रकट कर आलाकमान को चेताया कि जीवाराम व दानाराम दोनों में किसी एक को टिकट देने पर भाजपा इस सीट से विजय होगी। अन्यथा परिणाम विपरित नजर आयेंगे। वहीं सांसद देवजी पटेल को टिकट देने पर विधानसभा क्षेत्र सांचोर के छह भाजपा मंडल अध्यक्षों ने इस्तीफा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी को भेजा।

देवजी पटेल को विरोध के चलते क्षेत्र में भाजपा का बिखराव देने को मिल रहा है। शनिवार को पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व को कहा गया कि 30 अक्टूबर तक सांचोर क्षेत्र का टिकट बदलना पडेगा, अन्यथा परिणाम विपरित होंगे। उन्होंने कहा कि सांसद देवजी पटेल का इस क्षेत्र से टिकट पहले से फाईल हो गया था। लेकिन उन्होंने हम दोनों को गुमराह कर धोखा किया है। सांचोर में पर्यवेक्षक के आने के दौरान हम दोनों ने ताकत दिखाई तथा पैनल में भी नाम जीवाराम व दानाराम का था।

लेकिन सांसद ने आला कमान को गुमराह का हम दोनो की आपसी लडाई बताकर हमारे बीच दोस्त करने का वादा कर टिकट लाने में सफल हो गये। धोखे से लाये गये टिकट से हम दोनो में रोष है तथा सांसद देवजी पटेल को जनता स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी आलाकमान जीवाराम व दानाराम दोनों किसी में से एक को टिकट देती है तो दोनों मिलकर भाजपा का परचम लहरायेंगे। यदि पार्टी टिकट नहीं देती है तो जनता व आम कार्यकर्ता जो तय करेंगे हम दोनो मिलकर चुनाव लड़ेंगे।

सांचोर में शनिवार को भाजपा के 6 मंडल अध्यक्षों ने एक साथ पार्टी से इस्तीफा दे दिया। सांचोर विधानसभा क्षेत्र के छह मंडल अध्यक्षो ने इस्तीफा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी को भेजा। मंडल अध्यक्षों ने प्रेस कॉफ्रेंस कर बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी को पत्र भेजकर पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी और पूर्व बीजेपी प्रत्याशी दानाराम चौधरी को टिकट देने की मांग की। सांचौर में भाजपा से इस्तीफा देने वाले मंडल अध्यक्षों में सांचोर नगर मंडल अध्यक्ष पुरेंद्र व्यास, सांचोर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सांवलाराम देवासी, टांपी डूंगरी मंडल अध्यक्ष डुगराराम जाट, केसूरी मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, अरणाय मंडल अध्यक्ष जैसाराम भील, चितलवाना मंडल अध्यक्ष माधाराम पुरोहित शामिल है।

# गहलोत को टक्कर देने वाले दमदार प्रत्याशी की तलाश में उलझी भाजपा

- 2023 के विधानसभा चुनाव को लेकर देश-प्रदेश के लोगों की नजर सरदारपुरा विधानसभा सीट पर टिकी हुई है

**जोधपुर,** (कासं)। सरदारपुरा विधानसभा सीट राजस्थान की महत्वपूर्ण विधानसभा सीट है। 2023 के विधानसभा चुनाव को लेकर देश प्रदेश के लोगों की नजर इसी पर टिकी हुई है। यहां से कांग्रेस पार्टी को टिकट आंवटन की टेंशन बिल्कुल नहीं है। सब जानते हैं कि यह सीट मुख्यमंत्री गहलोत के लिए पहले से रिजर्व है। राजस्थान के 2023 विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की ओर से सरदारपुरा सीट से एक लाइन का प्रस्ताव सीएम अशोक गहलोत के पक्ष में पारित हुआ है।

यहां से जीताऊ प्रत्याशी खड़ा करना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती है। यहां से 2018 में कांग्रेस प्रत्याशी अशोक गहलोत थे। जोधपुर की सरदारपुरा सीट पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का गढ़ रहा है। पिछली बार गहलोत ने लगातार पांचवी बार इस सीट से जीत हासिल की थी। इस सीट पर बीजेपी की ओर से शंभू सिंह खेतासर दो बार चुनाव हार चुके हैं। साल 2018 के चुनाव में हार-जीत में 45 हजार से ज्यादा वोटों का अंतर रहा। इस बार शंभू सिंह खेतासर ने सरदारपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है।

सरदारपुरा विधानसभा सीट राजस्थान में सर्वाधिक चर्चित सीट है। 1998 में जब अशोक गहलोत मुख्यमंत्री बनें तो वह विधानसभा चुनाव नहीं लड़े थे। सरदारपुरा के विधायक मानसिंह देवड़ा ने उनके लिए सीट खाली की थी। जिसके बाद हुए उपचुनाव में गहलोत इस सीट से विधायक बनें। उसके बाद से गहलोत ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। यहां पर अशोक गहलोत लगातार जीतते रहे हैं।

अभी कांग्रेस या भाजपा ने यहां से प्रत्यशियों के नामों की घोषणा नहीं की है। यहां पर कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर लोगों में कोई संशय नहीं है।बच्चा बच्चा जानता है कि यहां पर कांग्रेस के प्रत्याशी वर्तमान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ही होंगे। शहर में इन दिनों मुख्य रूप से लोगबाग इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि गहलोत के सामने भाजपा प्रत्याशी कौन होगा?

हालांकि हाल ही जोधपुर आए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और राजस्थान प्रदेश के प्रभारी अरूण सिंह ने सरदारपुरा सीट पर भाजपा के विजय होने का दावा किया था। उन्होंने कहा था कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा विजय का परचम लहरायेगी। कांग्रेस के गिनती के विधायक ही विधानसभा पहुंचेगे।

वैसे यहां भाजपा से टिकट चाहने वालों की ज्यादा मारामारी नहीं है। वैसे जो नाम चर्चा में है उनमें प्रमुख नाम केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का है। इसके बाद भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह कच्छवाहा तथा जेडीए के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह राठौड़ का नाम भी सामने आ रहा है। वैसे भाजपा कार्यकर्ता को केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत पर ज्यादा भरोसा है। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि अशोक गहलोत को केवल केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ही पछाड़ सकते हैं।

मगर इसमें भी भारी रिस्क है। क्योंकि सरदारपुरा विधानसभा क्षेत्र में माली समाज के मतदाताओं का बोलबाला है। अशोक गहलोत खुद माली समाज से आते हैं। मुस्लिम वोट तो गहलोत को एकमुश्त पड़ने वाले हैं। जहां तक भाजपा कार्यकर्ताओं के विश्वास की बात है, वह अपनी जगह ठीक है। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत आज की तारीख में भाजपा के कद्दावर नेता है। गहलोत के सामने उनका आना चुनाव को रोचक बना देगा। टक्कर भी कांटे की रहेगी। इसमें भी कोई शक नहीं है कि भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व शेखावत की जीत के अपनी पूरी ताकत झोंकने में पीछे नहीं रहेगा।

वैसे दिन बीतने के साथ ही सरदारपुरा को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। सरदारपुरा में 1967 डी. दत्त भारतीय जनसंघ, 1972 अमृत लाल गहलोत कांग्रेस, 1977 माधो सिंह कच्छवाहा जनता पार्टी, 1980 मानसिंह देवड़ा कांग्रेस, 1985 मान सिंह देवड़ा कांग्रेस, 1990 राजेंद्र गहलोत भारतीय जनता पार्टी, 1993 राजेंद्र गेहलोत भारतीय जनता पार्टी, 1998 मान सिंह देवड़ा कांग्रेस, 1998 (उपचुनाव) अशोक गहलोत, 2003अशोक गहलोत कांग्रेस, 2008अशोक गहलोत कांग्रेस, 2013 अशोक गहलोत कांग्रेस, 2018 में अशोक गहलोत कांग्रेस से विजयी हुए।

# युवक का शव मिला

- पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एक होटल के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के मुताबिक मृत व्यक्ति आंध्रप्रदेश का बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार शनिवार प्रातः राजमार्ग स्थित एक होटल पर एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। जिसे होटलकर्मियों ने तुरंत राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर छानबीन के लिए पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि मृतक काफी दिनों से इधर-उधर घूमता रहता है। जिसकी उम्र करीब 38-40 वर्ष है जो आंध्रप्रदेश का बताया जा रहा है। लोगों का यह भी कहना है कि उक्त मृतक व्यक्ति विभिन्न होटलों पर मजदूरी कर अपना पेट पालता था, लेकिन उसके परिवार के बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं है। पुलिस ने शव को पहचान के लिए राजकीय अस्पताल के मुर्दाघर में रखवा दिया है।

# 25 हजार के इनामी को जोधपुर में दबोचा

**जोधपुर,** (कासं)। सीआईडी क्राइम ब्रांच पुलिस मुख्यालय की स्पेशल टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करों व इनामी अपराधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में टीम ने शनिवार को चित्तौड़गढ़ से 25 हजार रुपये के इनामी को जोधपुर जिले के पीपाड़ सिटी इलाके से डिटेन किया। जिसे बाद में चित्तौड़गढ़ पुलिस के सुपुर्द किया गया।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के मध्य नजर अवैध मादक पदार्थ, शराब, हथियार के तस्करों एवं वांछित अपराधियों के बारे में जानकारी एकत्रित करने सीआईडी क्राइम ब्रांच की विभिन्न टीमें राज्य के अलग-अलग शहरों में भेजी गई है। गठित टीम आसूचना संकलित कर इनके विरुद्ध लगातार कार्रवाइयों को अंजाम दे रही है।

एडीजी एमएन ने बताया कि इसी दौरान क्राइम ब्रांच टीम के हेड कांस्टेबल राकेश जाखड़ को मुखबिर से मिली सूचना पर आईजी क्राइम प्रफुल्ल कुमार के पर्यवेक्षण एवं एडिशनल एसपी आशा राम चौधरी के सुपरविजन तथा इंस्पेक्टर सुभाष सिंह के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल महेश सोमरा, रविंद्र सिंह, राकेश जाखड़ कांस्टेबल नरेश द्वारा चित्तौड़गढ़ से 25 हजार के इनामी अपराधी लेखाराम उर्फ पीपी बिश्नोई पुत्र दौलत राम निवासी खोखरिया थाना पीपाड़ सिटी को जोधपुर से दबोच लिया।

एडीजी ने बताया कि आरोपी मादक पदार्थ की तस्करी के दौरान पुलिस कर्मियों पर जानलेवा हमला करने के मामले में 4 साल से फरार चल रहा था। थाना राशमी में दर्ज प्रकरण की जांच थाना कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी चित्तौड़गढ़ द्वारा 25 हजार का इनाम घोषित है। क्राइम ब्रांच की टीम ने इसे थाना कोतवाली पुलिस को उनके मामले में सुपुर्द कर दिया है। आरोपी के विरुद्ध राज्य के विभिन्न थानों में एनडीपीएस एक्ट, हत्या, अपहरण इत्यादि के आधा दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज हैं। थाना पुलिस की टीम आरोपी से फरारी के दौरान किए गए अपराधों और साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है।

# गोठड़ा में सीमेंट कंपनी के साथ हुए समझौते के बाद नौ माह से चल रहा किसानों का धरना समाप्त

## किसानों ने कहा हमारे संघर्ष की हुई जीत, उपखंड प्रशासन का जताया आभार

(निसं)। गोठड़ा में श्री सीमेंट संघर्ष समिति की ओर से 9 महीने चला किसानों का धरना समाप्त हो गया। उपखंड प्रशासन की मध्यस्थता में शुक्रवार को गोठड़ा में श्री सीमेंट कंपनी कार्यालय में किसानों व श्री सीमेंट कंपनी प्रबंधन के बीच हुई वार्ता में लिखित समझौता हुआ। समझौते पर शुक्रवार देर शाम सहमति बन गई थी। लेकिन धरने पर बैठे कुछ किसानों के सहमति पत्र पर शुक्रवार को हस्ताक्षर नहीं हो सके। इसके बाद शनिवार को सभी किसानों के हस्ताक्षर होने के बाद विधिवत धरना समाप्त होने की घोषणा हुई।

धरना समाप्त होने पर शनिवार को किसानों ने गोठड़ा बाबा बालकनाथ आश्रम में प्रेस वार्ता की। जिसमें धरना संयोजक पंसस प्रताप पूनियां ने कहा कि यह धरने पर बैठे सभी किसानों व धरने को सहयोग करने वाले लोगों की जीत है। पूनियां ने कहा कि स्थानीय विधायक राजकुमार शर्मा ने सार्वजनिक मंचों पर कई बार कहा कि किसानों को 10 लाख रुपए प्रति बीघा से अधिक भाव नहीं मिल सकते। लेकिन विधायक की मध्यस्थता के बिना उपखंड प्रशासन व कंपनी प्रबंधन की सकारात्मक भूमिका के कारण किसानों को पहले से चल रहे जमीन के भाव से ढाई गुणा से अधिक तथा जमीन पर किए गए मकानों व अन्य स्थाई निर्माण का मुआवजा भी 13 प्रतिशत बढ़ाया गया है। साथ ही स्थानीय युवाओं को कंपनी में रोजगार देने पर भी सहमति हुई है। प्रेस वार्ता के बाद किसानों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई व विजय जुलूस निकाला।


धरना समाप्त होने पर किसानों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई व विजय जुलूस निकाला।

**यह रहे वार्ता में शामिल:-** गोठड़ा में श्री सीमेंट संघर्ष समिति के किसानों के साथ शुक्रवार देर शाम तक चली वार्ता में श्री सीमेंट के अधिकारी, उपखंड प्रशासन के अधिकारी व किसानों सहित कुल 11 लोग शामिल रहे। इनमें किसानों की ओर से धरना संयोजक पंसस प्रताप पूनियां, बलबीर कालीरावणा, सुरेश कालीरावणा, कुंभाराम यादव, सतीश योगी व राजाराम खटकड़ शामिल हुए। उपखंड प्रशासन की ओर से एसडीएम सुमन सोनल, डीवाईएसपी आनंद राव तथा गोठड़ा थाना प्रभारी सुरेंद्र मलिक शामिल हुए। श्री सीमेंट कंपनी प्रबंधन की ओर से गोठड़ा यूनिट हैड विनय सक्सेना व कंपनी के अधिकारी वीके मिश्रा शामिल हुए। इन सभी ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए।

**20 जनवरी 23 से शुरू होकर 265 दिन चला धरना:-** गोठड़ा में श्री सीमेंट कंपनी के गेट के पास 20 जनवरी को शुरू हुआ किसानों धरना 265 दिन बाद 13 अक्टूबर को उपखंड प्रशासन की मध्यस्थता से श्री सीमेंट कंपनी प्रबंधन के साथ हुई वार्ता में बनी सहमति के बाद धरना समाप्त हुआ। करीब 9 महीने चले धरने के दौरान गोठड़ा में श्री सीमेंट कंपनी प्रशासन के खिलाफ 20 जनवरी, 3 फरवरी, 7 जून को बड़ी सभाएं हुई। इस दौरान किसानों व कंपनी प्रबंधन के बीच जिला पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में दो बार वार्ता हुई, एक बार उपखंड कार्यालय नवलगढ़ में वार्ता हुई तथा तीन बार गोठड़ा श्री सीमेंट कंपनी कार्यालय में वार्ता हुई।

### *इनका कहना है*

उपखंड अधिकारी सुमन सोनल, डीवाईएसपी आनंद राव व गोठड़ा एसएचओ सुरेंद्र मलिक की मौजूदगी में किसानों के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में वार्ता हुई। दोनों पक्षों के बीच सभी मुद्दों पर बनी सहमति के बाद किसानों ने शांतिपूर्वक धरना समाप्त कर दिया।

**- विनय सक्सेना,**
**यूनिट हैड**
**श्री सीमेंट लिमिटेड गोठड़ा**

# अंतराज्यीय एक्सपोज़र विजिट के लिए विद्यार्थी दल पंजाब रवाना


जिला शिक्षा अधिकारी व एडीपीसी मनोज कुमार ढाका ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को रवाना किया।

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के तत्वावधान में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जिले के विद्यार्थियों को शुक्रवार सुबह समसा कार्यालय से जिला शिक्षा अधिकारी व एडीपीसी मनोज कुमार ढाका ने हरी झंडी दिखाकर एक्सपोजर विजिट पर पंजाब के लिए रवाना किया।

प्रभारी एपीसी कमलेश तेतरवाल ने बताया कि जिले के 11 ब्लॉक (खेतड़ी व उदयपुरवाटी सहित) से विज्ञान व गणित विषय के श्रेष्ठ कुल 31 विद्यार्थी इस भ्रमण पर गए हैं। इनके साथ दल प्रभारी प्रधानाचार्य अशोक कुमार कुलहरि व अध्यापिका सुनिता कुलहरि को भेजा गया है। ये विद्यार्थी बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ व गंगानगर जिलों के विद्यार्थियों के साथ शनिवार को कपूरथला पंजाब में देश की प्रसिद्ध कोच निर्माण फेक्ट्री में कोच निर्माण की प्रक्रिया देखेंगे।

इसके साथ ही इस तीन दिवसीय भ्रमण में आते व जाते रास्ते मे राजस्थान, पंजाब व हरियाणा के दर्शनीय स्थलों का भी भ्रमण करेंगे। एडीपीसी ढाका ने प्रभारियों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की आवास, भोजन, चाय, नाश्ता आदि सुविधाओं में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए।

## मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सीकर,** (निसं)। महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक डॉ. अनुराधा सक्सेना के निर्देशानुसार मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पी एन बी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के संस्थापक अशोक कालेर के समन्वय से मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उपस्थित महिलाएंए बालिकाओं ने अपने हाथों पर मेहंदी लगाकर मतदान संबंधित स्लोगन व घूंघट मुक्त मतदान करने का शतकृप्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर इंदिरा महिला शक्ति केंद्र प्रबंधक नीलम कुमारी ने भी अपने हाथ पर घूंघट मुक्त मतदान करने का सभी महिलाओं को संदेश दिया। मनोसामाजिक परामर्शदाता रिचा पारीक व सामाजिक परामर्शदाता राजेश कुमारी ने भी सभी बालिकाओं व महिलाओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। स्वीप प्रतियोगिता के प्रतिभागी प्रथम स्थान पर सरिता देवीए द्वितीय स्थान पर सुनीता कुमावत व तृतीय स्थान पर सोनीका जाखड़ को महिला अधिकारिता विभाग की तरफ से पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।

# महिलाओं व बालिकाओं के लिए प्रतियोगिता आयोजित

**झुंझुनूं,** (निसं)। अग्रसेन भवन झुंझुनूं में अग्रसेन जयंती महोत्सव-2023 का आयोजन में बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए प्रतियोगिता शनिवार दोपहर आयोजित की गई।

इसमें क्रिएट एंड क्राफ्ट बाय पेपर प्रतियोगिता का आयोजन रेखा बिसाऊवाला एवं सरिता सिंघानिया के संयोजन में रघुनाथ पोद्दार फर्म अंबिका क्रिएशन के सौजन्य से, बछवारस का पाटा बनाना प्रतियोगिता का आयोजन निर्मला ढंढारिया एवं ज्योति खेतान के संयोजन में प्रायोजक संतोष नारायण प्रसाद जालान परिवार के सौजन्य से, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन संगीता गुप्ता एवं नीतू अग्रवाल के संयोजन में प्रायोजक सुभाषचन्द्र संजय कुमार पंसारी परिवार के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्रुति मोदी द्वारा किया गया। जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला व सचिव शिवचरण हलवाई ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विनिता राणासरिया, कार्यक्रम अध्यक्ष शकुंतला चुड़ैलेवाला, विशिष्ट अतिथि चंदा टीबड़ा थी। मंच पर प्रायोजक परिवार से सुनिता पोद्दार, संतोष जालान, सरोज पंसारी, बबिता मोदी, निर्णायक नेहा तुलस्यान एवं पायल रिंगसिया की गरिमामय उपस्थिति रही।

प्रतियोगिताओं के शुभारंभ से पूर्व मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा महाराजा अग्रसेनजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया एवं अतिथियों को प्रतीक चिह्न भेंट किए। क्रिएट एंड क्राफ्ट बाय पेपर प्रतियोगिता में प्रथम नेहा तुलस्यान, द्वितीय सीए खुशबू जगनानी, तृतीय ममता बिरमीवाला, प्रतियोगिता बछवारस का पाटा बनाना में प्रथम बबिता बंसल, रंजू बंसल, द्वितीय चंदा बिरमीवाला, ममता बिरमीवाला, तृतीय अंजना राणासरिया, संतोष राणासरिया, रिंकी राणासरिया, संजू राणासरिया, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में प्रथम नेहा प्रशांत तुलस्यान, द्वितीय रिया महेंद्र तुलस्यान तथा तृतीय नेहा बसंत अग्रवाल रही। इन सभी विजेताओं को 15 अक्टूबर को अग्रसेन जयंती महोत्सव के मुख्य समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# संत गुमानबिरी महाराज को लगाई धोक, गूंजे जयकारे

## जीवित समाधि लेने वाले संत गुमान गिरी महाराज की पुण्यतिथि

■ 121 कन्याओं को प्रसादी खिलाकर एवं दक्षिणा भेंट की

**मुकुंदगढ़,** (निसं)। कस्बे के जीवित समाधि लेने वाले संत गुमानगिरी महाराज की पुण्यतिथि शनिवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

इस मौके पर ब्रह्म बगीची के सामने स्थित गुमानगिरी महाराज की समाधि स्थल पर शनिवार को दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने समाधि स्थल पर धोक लगाकर मनौतिया मांगी। कामधेनु सेवा संस्थान ट्रस्ट के बाबा शैलेंद्र नाथ के सानिध्य में हुए पांच दिवसीय विष्णु सहस्य जाप एवं पितृ गायत्री यज्ञ की पूर्णाहुति की गई। समाधि पूजन, हवन पूर्णाहुति, पूजा अर्चना व महा आरती के बाद शुरू हुए भंडारे में 121 कन्याओं को प्रसादी खिलाकर एवं दक्षिणा भेंट की। इसके पश्चात देश के कोने-कोने से आए सैंकड़ों साधु संतों को भंडारे में प्रसाद खिलाकर तथा दुपट्टा ओढ़ाकर दक्षिणा भेंटकर विदाई दी। सभी श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व समाधि स्थल पर शुक्रवार रात्रि को अभयनाथ झुंझुनूं, मोतीनाथ काच्छवा, विद्यानाथ चूरू, ध्याननाथ चूरू, सेवानाथ कोलिडा समेत अन्य साधु संतों के सानिध्य में आयोजित जागरण में गायकारों ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर प्रवीण स्वामी झुंझुनूं, आशीष रुंथला, गोपी सैनी, बच्चनलाल चेजारा, कमल बियाला, राकेश टेलर, पंडित सुभाष शर्मा, घनश्याम शर्मा, सत्यनारायण सैनी, राजकुमार सोनी, अनू महर्षि, संतोष पाराशर, विद्याधर सैनी, नरेश कनोई, रजनीश पांडे, गणेश सैनी, हर्ष जांगिड़, यश जांगिड़ समेत अन्य कार्यकर्ता व्यवस्थाओं में जुटे रहे।


## 118 यूनिट रक्तदान

**नोहर,** (निसं)। स्थानीय अग्रसेन धर्मशाला में भगवान श्री अग्रसेन जी के 5177 वें जन्मोत्सव के उपलक्ष में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पश्चिमी राजस्थान के तत्वाधान में तथा स्व. प्रयागचंद सीतादेवी चाचाण के सौजन्य से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का शुभारंभ अतिथियों कि ओर से श्री अग्रसेन की तस्वीर के समक्ष दीप प्रजलिद कर जयपुर से आई ब्लड बैंक की टीम ने रक्त संग्रह शुरू किया। आयोजन समिति के नवरत्न चाचाण नेपाल ने वीडियो के माध्यम से सम्बोधित किया। जयपुर कि टीम बंसल ब्लड बैंक ने 118 यूनिट रक्त संग्रह किया। इस मौके पर विनोद चाचाण, घनश्याम गुप्ता, कमल चाचाण, अग्रवाल सम्मलेन के युवा प्रदेश महामंत्री मुकेश हिसारिया, पार्षद पवन हिसारिया, तिलोक बंसल, रामलाल बंसल, किशन चाचाण, पवन कंदोई, युवा व्यापारी नेता कैलाश गोळयान, सुन्दर चाचाण, आंनद कंन्दोई, जेपी चाचाण, गौरी शंकर कंदोई, अंजनी बंसल ललित गोळयान, अशोक गीदड़ा, पटेल बंसल, एडवोकेट अनीश सर्राफ, आनंद खादरिया, सत्यनारायण हिसारिया, मोनिका कंन्दोई, श्रेया सिपानी, विजय शर्मा, मोडू चाचाण सहित बड़ी सख्या में अग्रबंधु व सर्वसमाज के नागरिक शामिल रहे सभी ने रक्तदान का संकल्प लिया।

# कोलसिया के सूरजल माता मंदिर में नवरात्र महोत्सव का आयोजन

**कोलसिया,** (निसं)। नवरात्रि महोत्सव पर सुरजल माता मंदिर कोलसिया में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी घट स्थापना की गई। सूरजल माता सेवा समिति के तत्वावधान में होने वाले 9 दिवसीय धार्मिक आयोजन बड़े धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान रंग बिरंगे फूलों व लाईट के द्वारा मैया का दरबार सजाया गया। समिति द्वारा रोजाना मैया को हलवा व फलों का भोग लगाया जाता है तथा भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाता है। नवरात्रा के पहले ही दिन से माता रानी के दरबार में दूर दूर से भक्तों का आवागमन शुरू हो गया था। पुजारी मुकेश पारीक ने बताया कि 22 अक्टूबर रात्रि को जागरण होगा। जिसमें जय अंजनी ग्रुप एंड पार्टी भोजासर बड़ा द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। अगले दिन 23 अक्टूबर को सुबह सूरजल माता मंदिर में कन्या पूजन कर प्रसाद वितरित किया जाएगा।

**यह है सूरजल माता का इतिहास:-** लगभग 324 साल पहले नागौर जिले के सुदराशन गांव से लाई गई मैया की प्रतिमा को कोलसिया में लाकर स्थपित किया गया था। जिसकी सभी हर समुदाय पूजा अर्चना करता आ रहा है।


नवरात्रि महोत्सव पर सुरजल माता मंदिर कोलसिया में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी घट स्थापना की गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार माता के दरबार में सच्चे मन से आने वाला भक्त कभी खाली हाथ नहीं जाता। कोलसिया गांव के लोगों में मां के प्रति सच्ची आस्था है।

# झुंझुनूं एकेडमी को मिला बेस्ट स्कूल अवॉर्ड, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर फिर किया टॉप

■ एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग 2023-24 अवॉर्ड से किया गया सम्मानित

**झुंझुनूं,** (निसं)। संपूर्ण राजस्थान में अपने अभूतपूर्व परीक्षा परिणाम, असाधारण स्पोर्ट्स फैसिलिटिज एवं एक्सक्लूसिव सह-शैक्षिणक गतिविधियों के लिए विख्यात झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई स्कूल को होटल जेडब्ल्यू मैरियट नई दिल्ली एयरोसिटी में एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग 2023-24 अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

जानकारी देते हुए स्कूल निदेशक आकाश मोदी ने बताया कि शिक्षा क्षेत्र की जानी-मानी पत्रिका एज्युकेशन वर्ल्ड द्वारा आयोजित इस सम्मान कार्यक्रम में झुंझुनूं एकेडमी प्रबंधन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए नवाचारों, शिक्षा में तकनीकी के समावेश एवं विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए किए गए प्रयासों को एक पहचान देते हुए इस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इसी के साथ-साथ झुंझुनूं एकेडमी की शैक्षिणक प्रतिष्ठा, गुणवत्ता एवं प्रबंध को नेतृत्व क्षमता के आधार पर स्कूल को 'को-एड डे कम बोर्डिंग स्कूल' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।


झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई स्कूल को होटल जेडब्ल्यू मैरियट नई दिल्ली एयरोसिटी में अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

होटल जेडब्ल्यू मैरियट नई दिल्ली में आयोजित इस सम्मान समारोह में झुंझुनूं एकेडमी उप-प्राचार्या सरोज सिंह एवं स्कूल प्लस कोऑर्डिनेटर अर्चना जांगिड़ को इस सम्मान से नवाजा गया। झुंझुनूं एकेडमी का सम्मान करते हुए आयोजक संस्था के वक्ताओं ने कहा कि अत्यन्त कड़े मापदंडों के आधार पर चयनित झुंझुनूं एकेडमी विद्यालय राजस्थान का ऐसा विद्यालय है। जहां शिक्षण पद्धित में आधुनिकतम तकनीकों का समावेश कर अध्ययन-अध्यापन के कार्य को और अधिक सुगम, सहज एवं रूचिकर बनाने के लिए अनेकों नवाचार किए गए हैं। यहां से पढ़ने वाले विद्यार्थी जीवन में अच्छी सफलताएं प्राप्त कर देश-विदेश में उच्च प्रतिष्ठित पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

इस उपलब्धि पर झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लगातार छठी बार इस तरह का अवॉर्ड मिलना यकीनन स्कूल के लिए गौरव की बात है और यह तभी संभव हो पाता है। जब स्कूल अपनी क्वालिटी एज्युकेशन को लगातार जारी रखे। स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा ने इस अवसर पर खुशी जताते हुए कहा कि आज की बदलती प्रतिस्पर्धात्मक परिस्थितियों में विद्यार्थी को प्रत्येक विषय के सामान्य ज्ञान के साथ सामाजिक जीवन मूल्यों का ज्ञान होना अति आवश्यक है। ताकि वह अपने आपको भावी समाज के लिए एक सुयोग्य नागरिक के रूप में तैयार कर सके और झुंझुनूं एकेडमी इसके लिए सदैव कटिबद्ध है। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, जीवेम मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, स्कूल निदेशक आकाश मोदी, जॉली एंजेल्स डायरेक्टर गरिमा मोदी, जीवेम छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा, स्कूल प्रशासक कमलेश कुलहरि, श्यामसुंदर शर्मा, सैनिक इंचार्ज रामस्वरूप झाझड़िया सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने खुशी व्यक्त की है।

## नवरात्रा का आयोजन आज से शुरु

**बीदासर,** (निसं)। कस्बे के नौखा रोड़ स्थित शारदीय नवरात्रा के उपलक्ष मे दूर्गा माता मंदिर मे मैढ़ क्षत्रीय स्वर्णकार संघ नवरात्रा महोत्सव समिति व बाल नवयुवक मण्डल के तत्वावधान मे होने वाली दूर्गा पूजा 2023 दस दिवसीय होने वाले विशाल धार्मिक आयोजन के तहत मंदिर प्रांगण की विद्युत स्वचालित यंत्रो से भव्य सजावट की गई है। तथा विशाल धार्मिक आयोजन को लेकर कार्यकर्ता दिनभर तैयारीयों में जुटे रहे। संघ के अध्यक्ष गणपत राम मोसुण ने बताया कि 15 अक्टुबर से 24 अक्टुबर 2023 तक चलने वाले दस दिवसीय धार्मिक आयोजन के तहत 15 अक्टुबर को प्रात: 8 बजे गाँधी चैक स्थित रघुनाथजी के मंदिर से गाजे बाजे व मनमोहक झाँकियों के साथ कस्बे के मुख्य मार्गो से कलश यात्रा निकाली जायेगी। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण पहुचने पर घट स्थापना होगी तथा प्रतिदिन प्रात: व सांयकाल भव्य ज्योत ज्वाला आरती तथा 15 से 23 अक्टुबर तक दोपहर में 12.30 बजे से 5.00 बजे तक प्रतिदिन भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन होगा।

## सार-समाचार

### मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



**चूरू,** (कासं)। महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव 2023 का द्वितीय दिवस का कार्यक्रम सामान्य ज्ञान परीक्षा से हुआ। सामान्य ज्ञान के पश्चात नो गैस कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें समाज की महिलाओं एवम बालिकाओं ने भाग लिया। नो गैस कुकिंग के बाद मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मेहंदी के पश्चात रस्सा कस्सी प्रतियोगिता हुई। निर्णायक मंडल द्वारा सभी प्रतियोगिताओं में विजेताओं का चयन किया गया। इसी क्रम में 15 अक्टूबर रविवार को सुबह प्रभात फेरी के साथ कार्यक्रम प्रारंभ होगा जिसमे लगभग 200 से 250 दुपहिया वाहन होंगे। कार्यक्रम का आकर्षण शोभायात्रा होगी।

### विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ झुंझुनूं का दो दिवसीय शिक्षक सम्मेलन न्यू इंडियन पब्लिक स्कूल झुंझुनूं जिलाध्यक्ष हवासिंह बामिल की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि बीरबल सिंह सुंडा प्रधानाचार्य के निर्देशन में खुले अधिवेशन में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करके 21 सूत्री मांग पत्र प्रदेश स्तर पर भेजा गया है। जिसमें शिक्षकों को गैर शैक्षिणक कार्यों से मुक्त रखने, विद्यालय की कक्षा के अनुपात में शिक्षक लगाने, तृतीय श्रेणी शिक्षकों का स्थानान्तरण करने, स्थानान्तरण नीति बनाने, वाणिज्य ज्ञान, कृषि एवं चित्रकला के तृतीय अध्यापकों की अलग से पद सृजित करके डीपीसी करने, शिक्षा में नवाचार विद्यार्थी-अध्यापक-अभिभावक में संबंध, 50 प्रतिशत वाइस प्रिंसिपल के लिए सीधी भर्ती करने, डीपीसी विसंगति दूर कर बकाया डीपीसी तुरंत करने, नई शिक्षा नीति 2020 पर चर्चा कर सुधारने, शिक्षण में तकनीकी शिक्षा का समावेश एवं भौतिक विकास सहित 21 बिन्दुओं पर चर्चा की गई। चर्चा में उम्मेद सिंह ढाका, अशोक कुमार भार्गव, जिला मंत्री सुशील कुमार बुडानिया, गुलझारीलाल दूलड़, राजेंद्र, सुमन, सुनीता सिंह, संगीता एचरा, महेन्द्र, नरेन्द्र, सुभाष झाझड़िया, नरेन्द्र बुडानिया इत्यादि ने भाग लिया।

### दुर्गा पूजा में नौ दिन सजेंगी झांकियां

**चूरू,** (कासं)। अगुणा मोहल्ला वार्ड नं 43 में विशाल दुर्गा पूजा आयोजित होगी। समाजसेवी निरंजन बेदा ने बताया कि ये दुर्गा पूजा पिछले 13 वर्षों से अनवरत जारी है। इस वर्ष भी पूर्ण श्रद्धा व परंपरागत तरीके से माँ दुर्गा के पंडाल को सजाया गया है। इस वर्ष बाहर से आये कलाकारों द्वारा 9 दिनों तक माँ के दरबार में विभिन्न रंग बिरंगी झांकियां सजाई जाएगी। गौरतलब है कि इस दुर्गा पूजा में प्रतिदिन सैंकड़ों की संख्या में भक्तगण सुबह शाम पूजा आरती में भाग लेते हैं। अष्टमी को यज्ञ हवन जागरण व नवमी को कन्या पूजन व विसर्जन किया जाता है। इस अवसर पर मोहन लाल बेदा, पार्षद राकेश दाधिच, मुन्ना सरोठिया, नरेश भाटी, निरंजन सेन, प्रवीण बेद, सुरेन्द्र स्वामी, जयसिंह, सुरेन्द्र बेदा, अमित, योगेश शर्मा आदि दुर्गा पूजा की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

### खेत की रोही में किसान की मौत

**बीदासर,** (निसं)। निकटवर्ती गॉव ढैढरू भामुवान की खेत की रोही में शनिवार को 55 वर्षीय श्रवण सिंह राजपुत की जहरीला जानवर काटने से मृत्यु हो गई। पुलिस सुत्रों के अनुसार मृतक के पुत्र सोमवीर राजपुत ने लिखित रिपोर्ट दी कि मेरे पिता श्रवण सिंह खेत में सुबह 6 बजे मुंगफली की कटाई कर रहे थे। मुंगफली की कटाई करते समय मेरे पिता को किसी जहरीले सर्प ने काट लिया। मेरे पिता को ईलाज हेतु बीकानेर ले जा रहे थे कि बीच रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक के पुत्र सोमवीर की रिपोर्ट पर मरग का मामला दर्ज कर बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौप दिया है।

### जिला कार्यकारिणी का विस्तार

**चूरू,** (कासं)। आदर्श छात्रावास में सभाध्यक्ष गणेश कुमार गहनोलिया की अध्यक्षता में राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर की ओर से विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों की समस्याओं और समाधान, शैक्षिक नवाचार व विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। नई शिक्षा नीति की विसंगतियों पर चर्चा की गई। बैठक में जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिलाध्यक्ष शिवाराम मेघवाल ने कहा कि संगठन शिक्षक शिक्षार्थी हितों में सदैव तत्पर रहेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष शीशराम माहिच ने बताया कि संगठन की मजबूती शिक्षक ही है। बैठक में जिला मंत्री महेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, हंसराज सांवा, भंवरलाल, राकेश नायक, शिव कुमार गाडगिल सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

### सम्मान समारोह व काव्य गोष्ठी आज

**चूरू,** (कासं)। नगरश्री में रविवार शाम 4 बजे हिन्दी साहित्य संसद व पं. काशीराम शर्मा परिवार के संयुक्त तत्वावधान में आयोज्य सम्मान समारोह में काव्यगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। संसद अध्यक्ष बनवारी लाल खामोश व महामंत्री विजयकान्त शर्मा ने बताया कि शिक्षाविद्, भाषाविद्, प्रखर वक्ता, चिन्तक, विचारक एवं मनमोहक संचालक कमल सिंह कोठारी को पं. काशीराम शर्मा स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। समारोह की अध्यक्षता एडवोकेट अनन्तराम सोनी करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. सुरेन्द्र डी. सोनी होंगे।

### सामूहिक नवरात्र कार्यक्रम

**चूरू,** (कासं)। स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में रविवार से शारदीय नवरात्र अनुष्ठान का कार्यक्रम सामूहिक रूप से प्रारंभ किया जाएगा। प्रतिवर्ष गायत्री शक्तिपीठ में अश्विन व चौत्र नवरात्र सामुहिक रूप से साधना अनुष्ठान के रूप में स्थापित किया जाता है। इस आयोजन को सफ़ल बनाने हेतु उम्मेद सिंह राठौड़, तेज पाल सिंह राठौड़, महेंद्र कुमार कश्यप, सीता राम कश्यप, बाबु लाल शर्मा, सत्यनारायण, गायत्री गौरसिया, कमल कंवर, किशन कंवर, जगदीश कंवर आदि कार्यकर्ता राम सिंह राठौड़ वरिष्ठ वान प्रस्थि के निर्देशन में संपर्क अभियान में लगे हुए हैं।

### सरदार सिंह जे.जे.पी. में शामिल हुए

**सीकर,** (निसं)। खंडेला पंचायत समिति के पूर्व प्रधान स्व. हनुमान सिंह आर्य के पुत्र और भाजपा जिला सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक सरदार सिंह आर्य अपने समर्थकों सहित हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला के समक्ष जननायक जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। आर्य खंडेला विधानसभा क्षेत्र से जेजेपी प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरेंगे।

## जिला स्तरीय बैठक आयोजित

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना में राजस्थान युवा एकता संगठन के पदाधिकारीयों की जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई, जिसमें संगठन द्वारा नए पदाधिकारीयों को नियुक्ति दी गई। प्रदेश अध्यक्ष रोहिताश खोरा ने बताया कि बैठक में नीमकाथाना, श्रीमाधोपुर, खेतड़ी तहसील से नए पदाधिकारीयों को नियुक्ति दी गई है जिसमें जिला अध्यक्ष कमलेश जाखड़ ,जिला महासचिव विकास पायलट, नीमकाथाना तहसील महासचिव सुरेंद्र जांगिड़ व सचिव महेश कुमार जांगिड़ को नियुक्ति दी गई।


उत्तर पश्चिम रेलवे G20
मोहरबंद निविदाएं
निम्नलिखित कार्य के लिये भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी और से अलग-अलग मोहरबंद निविदाएं निर्धारित फॉर्म उप मुख्य इंजीनियर/ब्रिजलाईन- II, उ.प.रे., जयपुर कार्यालय से आमंत्रित की जाती है : 1. निविदा संख्या: Dy.CE/Br. Line-II/23-24-02-R-1, 2. कार्य का नाम एवं स्थान: Re-girdering of Br. No. 223 UP as per 25T loading standards in JP-FL section of JP Division, 3. अनुमानित कार्य की लागत: ₹20901634.74, 4. बयाना राशि: ₹254500.00, 5. कार्य पूरा करने की अवधि: 12 Month, 6. निविदा फॉर्म जमा कराने की अंतिम तिथि व समय: 06.11.2023 at 15.00 Hrs., 7. बेबसाईट का विवरण: www.ireps.gov.in
1096-PR/23
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


# आचार संहिता लगते ही नीमकाथाना विधानसभा क्षेत्र में दावेदारी के लिये उम्मीदवारों ने कमर कसी

पाटन, (निसं)। निर्वाचन आयोग ने चुनावों की तारीख घोषित करने के साथ ही आचार संहिता लगा दी है, जिसकी पालन में प्रशासन पूर्ण रूप से शक्ति दिखने में जुट गया है। वहीं चुनावों की तारीख तय होने के साथ ही उम्मीदवारों ने भी अपनी कमर कस ली है। हालांकि अभी तक नीमकाथाना विधानसभा क्षेत्र से भाजपा एवं कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित नहीं किए हैं परंतु बाजारों में अभी से कयास लगने शुरू हो गए हैं। इसमें कांग्रेस की तरफ से प्रबल दावेदारी विधायक सुरेश मोदी की मानी जा रही है, तो कुछ लोग रमेश खंडेलवाल का नाम भी ले रहे हैं। अधिकांश लोग चुनावी चर्चा के दौरान सुरेश मोदी को भारी मान रहे हैं तथा उनकी टिकट भी पक्की मान रहे हैं।


पूर्व विधायक प्रेम सिंह बाजोर


रघुवीर सिंह तंवर भूदोली


विधायक सुरेश मोदी


पूर्व विधायक रमेश खण्डेलवाल


सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश शर्मा

- **बाजारों में लगाये गये कयास के अनुसार भाजपा से पूर्व विधायक प्रेम सिंह बाजोर, रघुवीर सिंह तंवर भूदोली, विष्णु चेतानी व शहीद वीरांगना कविता सामोता के नाम प्रमुखता से सामने आ रहे हैं**
- **कांग्रेस की तरफ से प्रबल दावेदारी विधायक सुरेश मोदी की मानी जा रही है, तो कुछ लोग रमेश खंडेलवाल का नाम भी ले रहे हैं**
- **ब.स.पा. से राजेश भाईडा एवं आप पार्टी से महेंद्र मांडिया ने चुनावी मैदान में अपनी ताल ठोक रखी है**

अगर कांग्रेस की तरफ से सुरेश मोदी चुनाव में होते हैं तो भाजपा से चार उम्मीदवारों के नाम सामने आ रहे हैं जिसमें पूर्व विधायक प्रेम सिंह बाजोर जो राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी माने जाते हैं, वहीं दूसरा नाम रघुवीर सिंह तंवर भूदोली का आ रहा है जो राजनीति में नए खिलाड़ी के रूप में मैदान में उतर रहे हैं, इसके साथ ही तीसरा नाम संघ की तरफ से विष्णु चेतानी का आ रहा है जिनकी राजनीति में अच्छी पकड़ है, तथा चौथा नाम शहीद वीरांगना कविता सामोता का चल रहा है जो राजनीति में नई है। भाजपा टिकट तो एक ही व्यक्ति को देगी परंतु लोगों का कहना है अगर भाजपा की तरफ से प्रेम सिंह बाजोर चुनाव मैदान में होते हैं तो रघुवीर सिंह तंवर निर्दलीय चुनाव लड़कर भाजपा का गणित बिगाड़ सकते हैं। और अगर भाजपा ने टिकट बदलकर किसी अन्य को दे दी तो शायद कांग्रेस के उम्मीदवार को पछाड़ना बड़ा मुश्किल का काम होगा। हालांकि इस बार कांग्रेस का वोट बैंक टूटता हुआ नजर आ रहा है क्योंकि आम आदमी पार्टी की तरफ से महेंद्र मांडिया चुनाव मैदान में है वहीं बसपा की तरफ से राजेश भाईड़ा का नाम सामने आ रहा है। राजेश भाईड़ा और महेंद्र मांडिया दोनों उम्मीदवार कांग्रेस पार्टी को ज्यादा नुकसान पहुंचाएंगे।

नाम डिक्लेयर नहीं होने के कारण चुनावी चौसर नहीं बिछी है ऐसे में लोग अलग-अलग कयास लग रहे हैं। दूसरे एंगल से बात करें अगर कांग्रेस पार्टी ने अपना उम्मीदवार बदला तो वर्तमान विधायक सुरेश मोदी निर्दलीय चुनाव लड़कर कांग्रेस का समीकरण बिगाड़ देंगे। वहीं पूर्व विधायक रमेश खंडेलवाल जो कांग्रेस से विधायक रह चुके हैं उनको टिकट नहीं मिलती है तो वे भी कांग्रेस को नुकसान ही पहुंचाएंगे। कहने को तो खंडेलवाल पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर है परंतु सुरेश मोदी के पक्ष में मतदान नहीं करवाएंगे। हाल ही में एक नया नाम और शामिल हुआ है जिनका नाम सुरेश शर्मा है, तथा यह उम्मीदवार भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों को नुकसान पहुंचाएंगा, क्योंकि सुरेश शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता है तथा उनकी भाजपा और कांग्रेस दोनों में अच्छी पकड़ है। पाटन वाटी क्षेत्र के 61 गांवों में और डाबला वाटी क्षेत्र के 42 गांवों में सुरेश शर्मा की शानदार पकड़ है। यह तो समय ही बताएगा की कौन किसको नुकसान पहुंचा रहा है, क्योंकि अभी सिर्फ ये बातें चुनावी चर्चा के दौरान ही हो रही है। पार्टियां जब अपने अपने उम्मीदवारों को मैदान में उतारेंगी उसके बाद ही चुनावों का असली रंग देखने को मिलेगा। परंतु इतना जरूर है की अबकी बार दोनों पार्टियों के उम्मीदवारों को अपनी अपनी पार्टियों के उम्मीदवारों से खतरा उठाना पड़ सकता है। मतदाता मौन मूक होकर चुपचाप अपने अपने नेताओं की बातें सुन रहे हैं।

बहरहाल नीमकाथाना से भाजपा की तरफ से पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर, रेलवे बोर्ड समिति के सदस्य रघुवीर सिंह तंवर भूदोली, शहीद वीरांगना कविता सामोता, पूर्व जिला अध्यक्ष विष्णु चेतानी, संघ से जुड़े राजेश गुर्जर नारदा, मिनरल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष दौलत गोयल, डाक्टर आर एस जाखड़ टिकट की दौड़ में है वहीं कांग्रेस से सुरेश मोदी, पूर्व विधायक रमेश खंडेलवाल, मंजू सैनी टिकट मांग रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी से राजेश भाईड़ा ,एवं आम आदमी पार्टी से महेंद्र मांडिया ने चुनावी मैदान में अपनी ताल ठोक रखी है। सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश शर्मा कोला की नांगल जो आम जन के हितैषी है वे भी मैदान में आ गए हैं। देखते हैं कि भाजपा एवं कांग्रेस के आला कमान किस के नाम पर मोहर लगाते हैं उसके बाद ही चुनावों का असली रंग जमना शुरू होगा।

## प्रिंस के विद्यार्थियों का राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन

झुंझुनूं, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने 67वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पृथ्वी सिंह ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं 17 वर्षीय बालक वर्ग बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया। संस्थान चेयरमैन जीएल कालेर ने बताया कि पृथ्वी सिंह जिले बॉक्सिंग टीम की ओर से खेलते हुए यह उपलब्धि प्राप्त की है। वहीं 14 वर्षीय प्रतियोगिता में रोहित ने भी राज्य स्तर पर कांस्य पदक प्राप्त किया था। प्रतियोगिता का आयोजन 8 अक्टूबर को माउंट लिटराजी स्कूल कलड़वास उदयपुर मे हुआ। इसी के साथ प्रिंस स्कूल के छात्र रोहित का भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) स्पोर्टस अथोरिटी ऑफ इंडिया, के खेल प्रशिक्षण केंद्र जोधपुर में प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ। इस अवसर पर संस्थान निदेशक निर्मल कालेर ने दोनों विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराया। इस विशेष उपलब्धि पर प्रिंस ग्रुप ऑफ़ स्कूल्स के समस्त संस्थान, स्टाफ, विद्यार्थी एवं शुभचिंतक अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस विशेष अवसर पर एकेडमिक डायरेक्टर समीर शर्मा, प्रिंसिपल महेन्द्र सैनी तथा विद्यालय स्टाफ ने बधाई दी।

# अग्रसेन जयंती पर प्रश्न मंच का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। अग्रसेन जयंती महोत्सव 2023 के अवसर पर अग्रवाल समाज समिति झुंझुनूं द्वारा अग्रसेन भवन झुंझुनूं में तीन दिवसीय कार्यक्रमों की शृंखला में प्रथम दिवस शुक्रवार को रात्रि 7 बजे से समाज के सभी वर्गों के लिए प्रश्न मंच का आयोजन संयोजक विष्णु टीबड़ा एवं योगेश तुलस्यान के संयोजन में श्री राजकुमार विनोद कुमार सिंघानिया फर्म श्री श्याम टैक्सटाइल के सौजन्य से किया गया। जिसका सुंदर संचालन चिर परिचित शैली में हरिश तुलस्यान द्वारा किया गया।


प्रश्न मंच कार्यक्रम का संचालन करते हरीश तुलस्यान।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ज्वाइंट कमिश्नर वित्त विभाग शासन सचिवालय जयपुर उमेश जालान, कार्यक्रम अध्यक्ष समिति अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला, विशिष्ट अतिथि कैलाशचंद्र सिंघानिया, नारायण प्रसाद जालान, दिनेशचंद्र अग्रवाल, प्रश्न मंच के प्रायोजक राजकुमार सिंघानिया एवं अग्र प्रसाद के प्रायोजक जुगल किशोर मोदी ने महाराजा अग्रसेन जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इससे पूर्व अग्रवाल समाज समिति अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला, सचिव शिवचरण हलवाई एवं सदस्यों द्वारा अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण के साथ करते हुए उन्हे अग्रसेन जी महाराज का प्रतीक चिह्न भेंट किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन परमेश्वर हलवाई ने करते हुए प्रश्न मंच के संचालन के लिए हरीश तुलस्यान को माइक सौंपा। प्रश्न मंच कार्यक्रम में दर्शक अग्रवाल परिवारों में से लगभग 50 प्रश्न जिसमें ज्ञान विज्ञान, फिल्मी, राजनीति एवं हास्य से संबंधित संचालक हरीश तुलस्यान द्वारा पूछे गए। जिनके सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को हाथों-हाथ अतिथियों के हाथों पुरस्कृत करवाया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला, सचिव शिवचरण हलवाई, कोषाध्यक्ष राजेश, उपाध्यक्ष डॉ. दिलीप मोदी, उप मंत्री अनिल केजड़ीवाल, आशीष तुलस्यान, जयंती महोत्सव के मुख्य संयोजक रघुनाथ पोद्दार, पीआरओ डॉ. डीएन तुलस्यान, प्रश्न मंच कार्यक्रम के संयोजक विष्णु, योगेश तुलस्यान सहित समाज समिति के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, ट्रस्टी एवं अन्य अग्र बंधु सपरिवार बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित

सीकर, (निसं)। धोद ब्लॉक के केशवानंद शिक्षण संस्थान भढाढर में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम धोद कुणाल राहड़ की अध्यक्षता में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत सीकर की फुटबाल विजेता बालक टीम एवं विद्यालय की बालक वर्ग 19 वर्ष टीम के मध्य मैत्री फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, धोद सीताराम खारिया ने मतदाता जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। ब्लॉक संदर्भ व्यक्ति भोम सिंह शेखावत ने मंच संचालन करते हुए 25 नवंबर मतदान दिवस के दिन अधिकाधिक मतदान करने व राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने का आग्रह किया। साथ ही राजस्थान निर्वाचन विभाग द्वारा जारी स्वीप धुन को बजाकर सभी से राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आव्हान किया। उपखंड अधिकारी कुणाल राहड़ ने सभी उपस्थित जन समूह को शपथ दिलवाई व जागरूक रहकर अधिकाधिक मतदान किए जाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था निदेशक रामनिवास ढाका ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नेता-कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी को जिताने का कार्य करें: अलका पाल

रतनगढ़, (निसं)। स्थानीय जिला कांग्रेस कार्यालय में रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र प्रभारी अलका पाल और जिलाध्यक्ष इन्द्रराज खीचड़ के सानिध्य में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी चुनाव को लेकर वरिष्ठ पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत संपर्क और चुनाव जीतने हेतु आगामी दिनों में पार्टी की रणनीति पर चर्चा की गई।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष खीचड़, पूर्व विधायक हाजी मकबूल मंडेलिया सहित कार्यकर्ताओं ने अलका पाल का पुष्प गुच्छ भेंट कर, शॉल और पार्टी का दुपट्टा ओढ़ाकर कर स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष खीचड़ ने चूरू जिले के सभी छः विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस पार्टी को विजयी बनाने का आव्हान किया।पूर्व विधायक मंडेलिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के निसान को ही पार्टी का उम्मीदवार माने और सभी मिलकर कार्य कर पार्टी को विजयी बनाने के लिए प्रयास करें। विधानसभा प्रभारी अलका पाल ने कहा कि पार्टी सभी की मां के समान है, सभी नेता और कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी को विजयी बनाने के लिए कार्य करें। इस अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधानसभा क्षेत्र प्रभारी अलका पाल ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए विभिन्न सवालों के जवाब दिए।


जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक को हरिप्रसाद इंदौरिया, नरेश गोदारा, कल्याण सिंह, हनुमाना राम मेघवाल, डॉ.गणपत कालेर, निखिल इंदौरिया, सुरेंद्र हुड्डा, कालूराम मेघवाल, अरविंद चकलान, धीरज जांगिड़ ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव पूसाराम गोदारा, रामनारायण व्यास, देवी सिंह राजपुरोहित, अनिल सियोता, पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगड़वा, रमेश कुमावत, पार्षद राजेश गहलोत, पुरुषोत्तम इंदौरिया, मुख्तियार खान, बनवारीलाल महर्षि, जगमोहन हारित, पप्पू कड़वासरा, राजकुमार सारस्वत सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन मोहम्मद अनवर कुरैशी ने किया।

## पांच ठेकेदारों पर मुकदमा दर्ज

चूरू, (कासं)। निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूलने वाले शराब ठेकेदारों की खैर नहीं है। चूरू जिले में आबकारी पुलिस ने आज दो जनों को गिरफ्तार करके 13 मुकदमें दर्ज किए हैं। साथ ही यहां शराब के 5 ठेकेदारों के खिलाफ भी मुकदमे दर्ज किए गए हैं। यहां जिला आबकारी अधिकारी लक्ष्मीनारायण ने बताया कि आबकारी आयुक्त ओम कसेरा व जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ सिहाग के निर्देशन में जिलेभर में आबकारी निरीक्षकों और प्रहराधिकारियों द्वारा 13 मुकदमें दर्ज किए गए हैं। जिनमें दो को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 258 लीटर देशी, 100 लीटर वॉश डिस्टॉय करते हुए 78 हजार 886 रुपए जप्त किए गए। जिला आबकारी अधिकारी लक्ष्मीनारायण ने बताया कि मदिरा दुकान पर अधिक मूल्य वसूलने, निर्धारित समय के अलावा दुकान खुली मिलने और शर्तों में अनियमितता बरतने पर पांच मुकदमें दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आचार संहिता लगने के बाद आज तक कुल 21 मुकदमें दर्ज किए जा चुके हैं। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

बीदासर, (निसं)। सिलावट समाज संस्था के तत्वावधान में आज 15 अक्टूबर को होने वाले राज्य स्तरीय सामूहिक इज्तिमाई विवाह सम्मेलन में 31 जोड़े हमसफर बनेंगे। सामुहिक विवाह सम्मेलन को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। विवाह सम्मेलन में भाग लेने के लिये शनिवार को प्रदेश भर से समाज के लोगो का दिनभर आने का क्रम जारी रहा। वही सिलावट समाज के पदाधिकारियों ने भवन में निकाह स्थल, बैठक व्यवस्था, भोजन स्थल, पार्किंग स्थल सहित अनेक व्यवस्थाओं का जायजा लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। संस्था अध्यक्ष हाजी रफीक मुगल ने बताया कि सम्मेलन में बीदासर के 8, लाडनूं के 10, बीकानेर के 4, मकराना के 3, सारोठिया-मारोठिया के 2 तथा जसंवतगढ, बासनी, सोजत सीटी, सूरतगढ़ आदि स्थानों के कुल 31 दुल्हा-दुल्हनों का निकाह होगा जो एक दूसरे के हमसफर बनेंगे। सुबह 7 बजें से कार्यक्रम का आगाज होगा।

# एस.पी. ने क्षेत्र के मतदान बूथों व बॉर्डर नाकों का निरीक्षण किया

पाटन, (निसं)। नीमकाथाना एसपी ने पाटन एवं डाबला क्षेत्र के मतदान बूथों व बॉर्डर नाकों का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने हरियाणा राज्य से लगती बॉर्डर व चैक पोस्टों का भी जायजा लिया।

एसपी ने चैक पोस्टो पर हरियाणा राज्य से आने वाले वाहनों को चैक करने एव सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान पाटन क्षेत्र के डाबला, बिहारीपुर, गांवली, जीलो सहित क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। पाटन थानाधिकारी इन्दाज सिंह यादव ने बताया कि क्षेत्र में विधानसभा चुनावों को लेकर पुलिस प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है जिसमें हरियाणा बॉर्डर पर विशेष निगरानी की जा रही है।


बॉर्डर का निरीक्षण करते नीमकाथाना पुलिस अधीक्षक।

पुलिस द्वारा हरियाणा सीमा से लगते बॉर्डर पर चेक पोस्ट स्थापित कर 24 घंटे निगरानी की जा रही है। जहां हरियाणा राज्य से आने वाले प्रत्येक वाहनों की जांच की जा रही है। हरियाणा राज्य से लगते स्यालोदडा चेक पोस्ट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, इसके अलावा मिट्टी के कट्टे और बैरिकेट्स लगाकर 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इस दौरान डीएसपी जोगेंद्र सिंह राजावत, पाटन थानाधिकारी इंद्राज सिंह यादव, डाबला थानाधिकारी महेंद्र मीणा सहित पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।

## डेंगू रोकथाम गतिविधियां आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने बताया कि डेंगू रोकथाम के लिए जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न क्षेत्रों में डेंगू रोकथाम गतिविधियों का आयोजन किया गया। सीएमएचओ डॉ. डांगी ने बताया कि शुक्रवार को जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन से अधीक्षण अभियंता बिजली ऑफिस तक, अधीक्षण अभियंता ऑफिस के सामने, हवाई पट्टी से सीकर रोड पर, रोड नंबर तीन से रेलवे लाइन, गोलाई मोड़, इंडाली तिराहा, पीएचईडी ऑफिस, बगड़ चौराहा, मंड्रेला रोड आदि स्थानों पर पानी एकत्रित होने वाले स्पोर्ट पर एमएलओ डाला गया। उन्होंने बताया टीम द्वारा निरंतर डेंगू मच्छरों के सोर्सेज को खत्म करवाकर उन्हें बरती जाने वाली सावधानी के बारे में बताया जा रहा है। रुके हुए पानी मे एमएलओ डाला रुकावट वाली नालियों की सफाई के लिए नगरपालिका टीम को अवगत करवाया जा रहा है। टीम में डॉ. कुलदीप फौजदार, एमपीडब्ल्यू भगीरथ और ओमप्रकाश भी मौजूद थे।

# राजस्थान गौरव सेनानी शिक्षक संघ का दो दिवसीय शैक्षिक अधिवेशन समाप्त

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान गौरव सैनानी शिक्षक संघ झुंझुनूं का दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन का समापन अग्रसेन सर्किल स्थित रेजिडेंसी के ऑडोटोरियम में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान गौरव सैनानी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजवीर चनाना थे। जिलाध्यक्ष महेंद्र लांबा ने अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष विजेंद्र मांजू, प्रदेश महामंत्री उम्मेद सिंह धायल व्याख्याता रिधुसिंघ थे।

मुख्य अतिथि राजवीर चनाना ने कहा कि शिक्षक अपना राजधर्म निभाकर बच्चों को संस्कारवान बनाए। गौरव सेनानी 20 वर्षों तक दुर्गम इलाकों में सेना में रहकर देश सेवा करने के बाद बने शिक्षकों का पदस्थापन गृह जिले में हो। सैनिकों के दोहरे आरक्षण के साथ छेड़छाड़ पर भी आपत्ति जताई। जिलाध्यक्ष महेंद्र लांबा ने कहा कि कमजोर वर्ग के बच्चों को भामाशाहों के सहयोग से मुख्य धारा में जोड़ने में मुख्य भूमिका निभाए। द्वितीय सत्र में जिला कार्यकारिणी का गठन किया।



रेजिडेंसी ऑडोटोरियम में आयोजित अधिवेशन में मौजूद शिक्षक।

इसमें महेंद्र लांबा जिला अध्यक्ष, सुरेश सोमरा सचिव, रोहिताश्व कुमार महामंत्री, विनोद गोदारा संगठन मंत्री व महेंद्र सिंह डाबड़ी को प्रवक्ता बनाया गया। इस मौके पर ताराचंद खेदड़, मनोहरलाल रणवां, शीशराम गढ़वाल, धर्मपाल फोगाट, सुरेश चौराड़ी, विनोद गोदारा, विजयपाल बामलास, बूंटीराम पूनियां, कमल सैनी, धर्मवीर रेप्सवाल, शेरसिंह, प्रमोद कुमार, सुरेश, कमलसिंह बुडानिया, प्रहलाद महला, सुरेश सोमरा, रोहिताश सहित जिलेभर से गौरव सैनानी शिक्षकों ने भाग लिया।

# रेसा के जिला सम्मेलन में शैक्षणिक कार्यों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

चूरू, (कासं)। राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद् (रेसा) जिला इकाई चूरू का दो दिवसीय जिला स्तरीय सम्मेलन शनिवार को डाईट सभागार में सम्पन्न हुआ। रेसा के जिलाध्यक्ष बेधड़क बड़सरा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग की पत्रिका के अनुसार जिलास्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन 13 से 14 अक्टूबर को किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता डाईट प्रधानाचार्य गोविन्द सिंह राठौड ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा संतोष महर्षि व समसा एडीपीसी सांवरमल गहनोलिया थे।


राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद् ( रेसा ) जिला इकाई चूरू का दो दिवसीय जिला स्तरीय सम्मेलन शनिवार को डाइट सभागार में सम्पन्न हुआ।

इस दो दिवसीय सम्मेलन में गत सत्र के दौरान रेसा द्वारा की गतिविधियों का प्रतिवेदन जिलामंत्री धर्मेन्द्र मुण्ड व वित्तीय प्रतिवेदन जिला कोषाध्यक्ष संजीव धेतरवाल ने प्रस्तुत किया। इसके साथ ही आगामी कार्यनीति के रूप में छः ब्लॉक वरिष्ठता, डीईओ पदोन्नती, केन्द्र के समान वेतनमान, गैर शैक्षणिक कार्यो का दवाब आदि मुद्दों पर चर्चा की गई।

इस दौरान राज्य स्तर पर सम्मानित शिक्षक ओमनाथ सिद्ध व सुरेन्द्र पूनियां का सम्मान किया गया। इस अवसर पर रेसा जिला उपाध्यक्ष अनिता पूनियां, सज्जन सैनी, बजरंग जाखड़, हरिप्रसाद शर्मा, रामनिवास बेनीवाल, दौलतराम कुल्हार, केदारमल आसेरी, रामचन्द्र सिहाग, मदन पिलानियां, केसरी सिंह, सुभाषचंद्र, शिवराज सिंह, सीताराम जाखड़, राधेश्याम बेनीवाल, संदीप पूनियां, उर्मिला पूनियां, विद्या माँझू, सुमन चाहर, प्रताप सिंह, राकेश कस्वां, महेश कुल्हरी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संजीव धेतरवाल ने किया।

# 'सुझाव आपका संकल्प हमारा' रथ यात्रा का कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने स्वागत किया

- **लोगों के मन की बात जानने के लिए भाजपा की ओर से चलाई जा रही रथ यात्रा**

मंड्रेला, (निसं)। लोगों के मन की बात जानने के लिए भाजपा द्वारा चलाई जा रही सुझाव आपका संकल्प हमारा रथ यात्रा शनिवार को मंड्रेला पहुंची। गांवों में कार्यकर्ताओं सहित गणमान्य लोगों द्वारा भाजपा के झंडे के साथ ही यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया।

रथयात्रा के माध्यम से भाजपा की जन कल्याणकारी नीतियों के बारे में जानकारी देकर लोगों से भाजपा के साथ जुड़ने का आव्हान किया गया। इस दौरान लोगों ने रथ में रखी सुझाव पेटी में अपने मन की बात लिखकर डाली। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी ने बताया कि लोगों के मन के अनुसार ही भाजपा सरकार काम कर रही है। इसके तहत आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी का घोषणा पत्र भी लोगों के मन के अनुसार ही होगा। इसलिए लोगों के मन की बात जानने के लिए पूरे प्रदेश में सुझाव आपका संकल्प हमारा रथ यात्रा चल रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सबको साथ लेकर चल रही है।


भाजपा की ओर से चलाई जा रही रथ यात्रा मंड्रेला पहुंची।

सोनी ने कहा कि जो भी सुझाव जनता की ओर से आएंगे उसी आधार पर पार्टी का घोषणा पत्र या संकल्प पत्र जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज में विभिन्न वर्गों जैसे व्यवसायी, श्रमिक, किसान, बुजूर्ग आदि के अच्छे सुझाव सरकार तक पहुंचे। इसीलिए यह रथ यात्रा शुरू की गई है। यह यात्रा जहां से भी होकर गुजरेगी वहां के स्थानीय लोगों को पोस्ट कार्ड वितरित किए जाएंगे। इनके माध्यम से आमजन के सुझाव लिए जाएंगे। उन्होंने ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से प्राप्त होने वाले सुझावों पर गंभीरता से विचार किए जाएंगे। उन सभी अच्छे सुझावों के आधार पर ही भाजपा अपना संकल्प पत्र तैयार करेगी। प्रदेश में अगले पांच साल के विकास का रोडमैप जन भावनाओं अपेक्षाओं के आधार पर तैयार किया जाएगा।

इस अवसर पर विश्वनाथ कानोडिया, सुशील रूंगटा, पंच राजू भाटी, युवा कार्यकर्ता गौरव मित्तल, दीपेंद्रसिंह शेखावत, अनिल टेलर, रवि रूंगटा, लाला चौहान, बजरंग शेखावत, संजय शर्मा आदि मौजूद थे।



मैंने खुद अगस्त महीने में अप्लाय किया था, लेकिन इस वक्त दोनों देशों के रिश्ते खराब हैं। इस वजह से थोड़ा आना-जाना कम हो रहा है, क्योंकि वीजा नहीं मिल पा रहा है।

- शाहिद हाशमी

पाक स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट, भारत-पाक जर्नलिस्टों के वीजा क्लियर नहीं होने पर बोलते हुए।

## खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

### जसप्रीत बुमराह



भारत की ओर से सबसे बढ़िया गेंदबाजी जसप्रीत बुमराह ने की। उन्होंने 7 ओवर में 2 विकेट लिए और उनकी इकॉनमी महज 2.71 रन प्रति ओवर रही। कुलदीप यादव ने 10 ओवर में 35 रन देकर 2 विकेट लिए। रवींद्र जडेजा ने 38 रन खर्च कर 2 विकेट लिए। भारत में उनके 100 वनडे विकेट पूरे हो चुके हैं। वह ऐसा करने वाले छठे खिलाड़ी ही बने। सिराज और हार्दिक को भी 2-2 सफलताएं मिलीं।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट इतिहास के 1877 में सबसे पहले टैस्ट में खेलने वाले एडवर्ड ग्रेगरी, उनके पुत्र सिड ग्रेगरी और उनके भतीजे जैक ग्रेगरी ने अपने टैस्ट जीवन की शुरुआत शून्य (0) से की।

# भारत 8 : पाकिस्तान 0

## भारत ने 7 विकेट से पाकिस्तान को मात दी, रोहित शर्मा ने 86 रन बनाये

अहमदाबाद, 14 अक्टूबर। वर्ल्ड कप में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 8वीं बार हरा दिया है। भारत ने अपनी अनंत जीत का सिलसिला बरकरार रखा और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पाकिस्तान को 7 विकेट से मात दी। भारतीय टीम ने 192 रन का टारगेट 30.3 ओवर में हासिल कर लिया। कप्तान रोहित शर्मा ने 86 रन की पारी खेली। उन्होंने तीसरे विकेट के लिए श्रेयस अय्यर के साथ 77 रन की साझेदारी की। 19 रन देकर 2 विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच रहे। पाकिस्तान की ओर से बल्लेबाजी में कप्तान बाबर आजम ने इकलौता अर्धशतक लगाया। मोहम्मद रिजवान 49 रन पर आउट हुए। 5 इंडियन बॉलर्स ने 2-2 विकेट लिए। भारत की ओर से रोहित के अलावा श्रेयस अय्यर ने 53 रन बनाए। शाहीन शाह अफरीदी ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। बाबर आजम का विकेट भारत की जीत की वजह बना। बाबर के आउट होने से पहले पाकिस्तान 30 ओवर में 2 विकेट पर 155 रन था, लेकिन बाबर के बाद कोई भी बल्लेबाज नहीं टिका। बाबर मिडिल ओवर्स में धीरे-धीरे रन बनाते हैं। साझेदारियों से स्कोर को बड़ा करते हैं। लेकिन भारत ने उनका विकेट लेकर पाकिस्तान को बैकफुट पर ला दिया। भारत के गेंदबाजों ने अच्छी बॉलिंग की। लगातार विकेट गिराते रहे और जब पाकिस्तान प्रेशर में आया तो रोहित ने आक्रामक कप्तानी की और बॉलर्स का बदलाव सही किया। रनचेज के वक्त भारत की सोच सकारात्मक थी। भारत हमेशा रनरेट के मामले में पाकिस्तान से आगे ही रहा। रोहित शर्मा की एग्रेसिव बैटिंग ने जीत की राह आसान कर दी। भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली गलती से सफेद स्ट्रिप वाली जर्सी पहन कर उतरे। दरअसल एडिडास भारतीय टीम की जर्सी में कंधे पर 3 व्हाइट स्ट्रिप्स देता है। हालांकि वर्ल्ड कप के लिए एडिडास ने ट्राई कलर यानी तिरंगे के कलर की स्ट्रिप वाली जर्सी बनाई है। विराट गलती से दूसरी जर्सी पहन कर उतर गए। बाद में उन्होंने इसे चेंज किया।हार्दिक ने मंत्र पढ़ कर बॉल डाली और इमाम को सेंडऑफ दिया 13वें ओवर की दूसरी बॉल हार्दिक पंड्या ने शॉर्ट पिच फेंकी, इस पर इमाम-उल-हक ने चौका लगा दिया। अगली बॉल से पहले हार्दिक ने गेंद हाथ में ली और मंत्र पढ़ने की तरह गेंद को कुछ बोलते नजर आए। तीसरी बॉल उन्होंने ऑफ स्टंप के बाहर फुलर लेंथ फेंकी और इमाम कॉट बिहाइंड हो गए। विकेट लेने के बाद हार्दिक ने इमाम को सेंड ऑफ देते हुए पवेलियन जाने का इशारा किया।





## 'भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए दावेदारी जताएगा'

मुंबई, 14 अक्टूबर।। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए दावेदारी पेश करेगा। पीएम मोदी ने मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में 141वें अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) सत्र के उद्घाटन के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने कहा, 'भारत ओलंपिक के आयोजन को लेकर बहुत उत्साहित है। भारत 2036 ओलंपिक के आयोजन के हमारे प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। यह 140 करोड़ भारतीयों का सपना है। आईओसी के सहयोग से हम इस सपने को पूरा करना चाहेंगे। खेल सिर्फ पदक जीतने के लिए नहीं है, बल्कि यह दिल जीतने का भी सबसे अच्छा तरीका है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत 2029 में युवा ओलंपिक की मेजबानी करने के लिए भी इच्छुक है। उन्होंने आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाख की उपस्थिति में कहा, हम 2029 युवा ओलंपिक की मेजबानी करने के इच्छुक हैं, मुझे यकीन है कि भारत को आईओसी से लगातार समर्थन मिलेगा।'' भारत लगभग 40 वर्षों के अंतराल के बाद दूसरी बार सत्र की मेजबानी कर रहा है। का 86वां सत्र 1983 में नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाख, जिन्होंने शाम को अपने संबोधन की शुरुआत नमस्ते कहकर सभा का अभिवादन करते हुए की, उन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री से कहा, आपका बहुत-बहुत स्वागत है। उन्होंने कहा कि देश प्रगति पर है।

## हॉकी इंडिया का सब जूनियर कार्यक्रम सराहनीय : डिसूजा

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर एड्रियन डिसूजा ने युवा प्रतिभाओं को निखारने की उत्कृष्ट पहल के लिए हॉकी इंडिया के सब-जूनियर राष्ट्रीय कार्यक्रम की सराहना की है। हॉकी इंडिया द्वारा शुरू की गई पॉडकास्ट श्रृंखला 'हॉकी पे चर्चा' के नवीनतम एपिसोड में डिसूजा ने कहा जिस टी-शर्ट में आपको भारत का प्रतिनिधित्व करना है उसे पहनकर मैं बहुत खुश और धन्य महसूस करता हूं। लेकिन साथ ही, यह पहली बार है कि मैं कोचिंग पक्ष में हूं। मैं इसके लिए उत्सुक हूं। सब जूनियर टीमों में अच्छे युवा गोलकीपर हैं, और मुझे लगता है कि यह उनकी बुनियादी बातों और कुछ चीजों में मदद करने के लिए सही उम्र है। डिसूजा ने शिविर के पहले सप्ताह में सब जूनियर खिलाड़ियों को इंडिया किट देने के महत्व पर जोर दिया और कहा, कल्पना करें कि पहले सप्ताह में ही आपको इंडिया किट मिल जाएगी। आप जानते हैं, यह उसी से शुरू होता है। क्योंकि हर खिलाड़ी, कोई भी जो खेलना और देश का प्रतिनिधित्व करना चाहता है, वह हमेशा जर्सी पहनने, अपने गले में भारतीय आर्मबैंड पहनने और राष्ट्रगान सुनने का सपना देखेगा। यदि आप इस उम्र में युवाओं को ये सपने दे सकते हैं, तो कल्पना करें कि वे पांच साल बाद क्या हासिल करेंगे। उन्होने कहा ' वे सरदार सिंह, रानी, असुंता लाकड़ा, लाजरस बारला और लिलिमा मिंज जैसे निपुण कोचों से सीख रहे हैं, जो बुनियादी बातों में महारथ हासिल करने के साथ-साथ आधुनिक हॉकी कौशल भी प्रदान कर रहे हैं। भारतीय हॉकी ने पिछले दशक में कौशल विकास और फिटनेस में महत्वपूर्ण प्रगति देखी है।

## बांग्लादेश को हराकर न्यूजीलैंड ने पूरी की 'आसान' जीत की हैट्रिक

चेन्नई 13 अक्टूबर। लॉकी फ़र्ग्युसन (49 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद केन विलियमसन (78) और डैरिल मिचेल (89 नाबाद) के बीच शतकीय साझीदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 43 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया और इसी के साथ कीवियों ने विश्व कप में लगातार तीसरी आसान जीत दर्ज की।

बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 245 रन बनाये थे जिसके जवाब में न्यूजीलैंड के मिचेल ने शोरिफ़ुल इस्लाम की गेंद पर छक्का मार कर अपनी टीम को जीत की दहलीज पार करा दी। पूरे मैच के दौरान न्यूजीलैंड की टीम बांग्लादेश पर हावी रही। बीच के ओवरों में विलियमसन और मिचेल ने सहजता से रन बटोरे। विलियमसन के रिटायर्ड हर्ट होकर वापस लौटने के बाद मिचेल ने गियर बदला और ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुये बांग्लादेश के क्षेत्ररक्षकों की हवा निकाल दी। उन्होने अपनी नाबाद पारी में 67 गेदों पर छह चौके और चार छक्के लगाये।

इससे पहले शुरुआती झटकों के बाद शाकिब अल हसन (40) और मुमुशफ़िकुर रहीम (66) के बीच 96 रनों की उपयोगी साझीदारी की मदद से बांग्लादेश ने नौ विकेट पर 245 रन बनाये। चेपॉक स्टेडियम पर टॉस जीत कर बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के निमंत्रण के कीवी कप्तान के फैसले पर गेंदबाजों ने एक के बाद एक चार विकेट झटक कर मोहर लगा दी। लिटन कुमार दास ट्रेंट बोल्ट की पहली ही गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे वहीं तंज़िद हसन (16) और मेहदी हसन मिराज़ (30) लॉकी फ़र्ग्युसन का शिकार बने। नजमुल शान्तो (7) को ग्लेन फ़िलिप्स ने पवेलियन का टिकट थमाया।

एक समय पर 12.1 ओवर में चार विकेट पर 56 रन पर संघर्ष करने की स्थिति में आयी बांग्लादेश को भरोसेमंद जोड़ी शाकिब अल हसन और मुमुशफ़िकुर रहीम का सहारा मिला। दोनो बल्लेबाजों ने क्रीज पर टिककर कमजोर गेंदो पर प्रहार किये और 29वें ओवर तक स्कोर को डेढ सौ के पार पहुंचा दिया मगर इस बीच शाकिब फ़र्ग्युसन की गेंद को खेलने के प्रयास से चूके और गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेती हुयी विकेटकीपर के दास्तानों में समा गयी।

शाकिब के आउट होने के बाद मुमुशफ़िकुर का भी आत्मविश्वास डगमगाया और उसे विकेट के रूप में भुनाने में कीवी गेंदबाज मैट हेनरी ने कोई गलती नहीं की। मुमुशफ़िकुर ने अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान छह चौके और दो छक्के लगाये। मध्य क्रम के बल्लेबाज के तौर पर विकेट पर आये महमुदउल्लाह (41) ने रनो की रफ्तार को बढाने का भरपूर प्रयास किया मगर उन्हे दूसरे छोर पर कोई मदद नहीं मिली। लॉकी फ़र्ग्युसन ने 49 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि हेनरी और बोल्ट को दो दो विकेट मिले।

## टी-20 क्रिकेट, बेसबॉल फ्लैग, फुटबॉल, स्क्वैश, लैक्रोस को मिली आईओसी बोर्ड की मंजूरी

मुंबई 13 अक्टूबर। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की कार्यकारी बोर्ड ने शुक्रवार को लॉस एंजिल्स 2028 के ओलंपिक में टी-20 क्रिकेट, बेसबॉल फ्लैग फुटबॉल स्क्वैश, लैक्रोस को शामिल किये जाने की मंजूरी दे दी है। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाख ने आज यह जानकारी देते हुए कहा, कार्यकारी बोर्ड के अधिकारियों ने बेसबॉल/ सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, स्क्वैश और लैक्रोस के साथ क्रिकेट को ओलंपिक में पांच नए खेलों को शामिल करने के लॉस एंजिलस आयोजकों के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। हालांकि सभी नए खेलों को 2028 खेलों में जगह सुनिश्चित करने से पहले आईओसी सदस्यों द्वारा सोमवार को होने वाले मतदान में पर्याप्त मत हासिल करने की आवश्यकता होगी।



# लॉकर्स की जांच सबूत नहीं मिलने पर ईडी की टीम खाली हाथ लौटी

## हालांकि इनकम टैक्स विभाग के अधिकारी अभी भी लॉकर्स की जांच में जुटे हुए हैं

**जयपुर।** राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा के आरोपों के बाद गणपति प्लाजा में लॉकर्स की जांच करने पहुंची ईडी की टीम सबूत नहीं मिलने पर शनिवार को लौट गई। हालांकि इनकम टैक्स विभाग के अधिकारी अब भी लॉकर्स की जांच में जुटे हुए हैं। उधर, शुक्रवार को ईडी ने पेपर लीक मामले में दिनेश खोदानिया, अशोक कुमार जैन, प्रेरणा चौधरी, सुरेश ढाका और अन्य के जयपुर डूंगरपुर सहित कई आवासीय परिसरों पर सर्च की कार्रवाई की। इस दौरान, विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज, संपत्तियों के बिक्री कार्यों की प्रतियां, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और 24 लाख रुपये बरामद कर जब्त किए गए।

दरअसल, किरोड़ीलाल मीणा ने आरोप लगाया था कि डीओआईटी के जीजीएम सीपी सिंह के गणपति प्लाजा स्थित रोयरा सेफ्टी वाल्ट में पांच लॉकर्स हैं। जिनमें भ्रष्टाचार के करोड़ों रुपए छिपाकर रखे गए हैं। ईडी की टीम जीजीएम सीपी सिंह के सी-स्कीम स्थित मकान पहुंची थी, वहां ताला लगा हुआ मिला। नौकर ने फोन पर मालिक से बात करवाई। टीम ने घर पर कुछ देर सर्च भी किया, लेकिन बाद में निकल गए। सीपी सिंह ने मीडिया को बताया कि ईडी अधिकारियों से उनकी फोन पर बात हुई थी। उन्होंने गणपति प्लाजा में ईडी अधिकारियों के पास चाबी भिजवा दी थी। उन्होंने बताया कि 3 सालों से उन्होंने इस लॉकर को यूज नहीं किया है। इसकी जानकारी लॉकर संचालकों के पास है।

सूत्रों के अनुसार प्राइवेट लॉकर में ईडी के टारगेट पर तीन लॉकर्स थे। इनमें नकदी, ज्वैलरी और निवेश के दस्तावेज़ निकलने की उम्मीद थी। यह लॉकर सीपी सिंह के बताए जा रहें थे। शुक्रवार रात 12 बजे के बाद इन लॉकर्स की पहचान होने के बाद आयकर अधिकारियों और रोयरा सेफ्टी वाल्ट कर्मचारियों के सामने उन्हें खोला गया। इस दौरान सभी तीनों लॉकर्स खाली निकले। इसके बाद ईडी के अधिकारी यहां से लौट गए।

> ■ **ईडी ने पेपर लीक मामले में दिनेश खोदानिया, अशोक कुमार जैन, प्रेरणा चौधरी व सुरेश ढाका सहित अन्य के जयपुर डूंगरपुर और जोधपुर सहित कई आवासीय परिसरों की तलाशी लेकर आपत्तिजनक दस्तावेज, संपत्तियों के बिक्री कार्यों की प्रतियां, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और 24 लाख रुपये बरामद कर जब्त किए।**

वहीं शनिवार को ईडी और इनकम टैक्स विभाग की टीमों ने लॉकर्स की जांच की। आयकर अधिकारियों ने अब तक 650 से अधिक लॉकर्स की जांच की है। इन सभी लॉकर्स की चाबियां प्राइवेट लॉकर्स संचालक के पास थी। इस दौरान सभी लॉकर्स खाली मिले। रोयरा सेफ्टी वाल्ट में करीब 1100 लॉकर्स बताए जा रहे हैं। इनकम टैक्स के अधिकारी शेष रहे करीब 450 लॉकर्स के आवंटन दस्तावेज की जांच में जुटे हुए है। इनकम टैक्स के अधिकारियों ने 100 से अधिक लॉकर धारकों को चाबी लेकर बुलाया था, लेकिन वे अब तक नहीं आए हैं। रोयरा सेफ्टी वाल्ट कर्मचारियों के अनुसार कुछ लॉकर्स किसी को आवंटित नहीं है। ऐसे लॉकर्स की चाबियां भी नहीं मिली।

गौरतलब है कि शुक्रवार की सुबह 5 बजे पेपरलीक मामले में ईडी की टीम कांग्रेस के सीनियर नेताओं के करीबियों के घर और ऑफिस पर छापेमारी की थी। टीम जयपुर, जोधपुर और डूंगरपुर में करीब 9 जगहों पर पहुंची। ये सभी घर और ऑफिस दिनेश खोड़निया, स्पर्धा चौधरी और अशोक जैन के थे। इस दौरान किरोड़ी लाल मीणा ने पहले पीसी कर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। फिर गणपति प्लाजा में लॉकर कंपनी के ऑफिस पहुंच गए। किरोड़ी का दावा था कि इन लॉकर्स में 500 करोड़ रुपए का काला धन है और यह पैसा कई घोटालों से जुड़ा हुआ है।

## रुफ गार्डन में दो सौ ग्राम तक नींबू



**बनीपार्क स्थित एक सोसायटी में इक़बाल सिंह ने अमृतसर से नींबू की एक पौध मंगवाकर अपनी छत पर गमलों में फलदार पौधों का गार्डन बनाया है जिसमे चीकू, अनार, गुलाब के फूलों की कई वैरायटी लगाई है। इनमें बिना बीज के नींबू के पौधों पर 200 ग्राम तक के नींबू भी लगे हैं। उनका कहना है कि शहरों में रहने वाले लोग भी अपने घर की छत पर रूफ गार्डन तैयार करके उनमें अपनी पसंद के फल व फूलों को तैयार करके उसका प्राकतिक रूप से आनंद ले सकते हैं। बिना बीजवाले नींबू में सिट्रिक एसिड कम मात्रा में होता है और सिट्रिक एसिड ही वो चीज है, जो गुरदा एवं मूत्राशय में जाने के बाद की पथरी को पिघला देता है। ऐसे गार्डन से अपनी जरूरतों को पूर्ण करके आर्थिक बचत के साथ एक्स्ट्रा इनकम भी प्राप्त कर सकते हैं।** फोटो : दिनेश भारद्वाज

## 'फुट एण्ड एंकल सर्जरी में नई तकनीक से अब पैर में पूरा मूवमेंट आएगा'

**जयपुर।** भारत में फुट एण्ड एंकल सर्जरी पर पहली अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस शनिवार को जयपुर के होटल मैरियट में शुरू हुई।

कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन करते हुए आईएम के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और राजस्थान अस्पताल के चेयरमैन डॉ. एस एस अग्रवाल ने कहा कि फुट एंड एंकल सर्जरी आर्थोपैडिक की तेजी से उभरती सब स्पेशलिटी है। इसके कारण अब बढ़ती उम्र के कारण, स्पोर्ट्स इंजरी तथा कंजेनाइटल डिसऑर्डर से टखने का इलाज काफी आसान और सटीक हो गया है। नवीन तकनीक से होने वाले इलाज के कारण अब मरीज सर्जरी के बाद पूरी तरह से पंजे को मोड़ सकते हैं और पूरी मूबमेंट दे सकते हैं।

कॉन्फ्रेंस के प्रारंभ में आयोजन सचिव और जाने माने ऑर्थोपेडिशियन डॉ. राहुल उपाध्याय ने कहा कि फुट एंड एंकल सर्जरी पर भारत में पहली बार हो रही इस अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में 10 विदेशी स्पीकर्स के साथ कुल 200 प्रतिभागी शामिल हुए हैं।

उन्होंने बताया कि शनिवार को एंकल ट्रोमा को लेकर वैश्विक स्तर पर इसके इलाज में आए नये बदलावों पर चर्चा की गई। राजस्थान हॉस्पिटल में एक्सपर्ट सर्जन्स द्वारा की गई विशेष एंकल सर्जरी का कॉन्फ्रेंस स्थल होटल मेरियट में सीधा प्रसारण किया गया।

डॉ. उपाध्याय ने बताया कि एंकल सर्जरी में नई तकनीक की विशेषता यह है कि इसमें एंकल ट्रोमा के कारण खराब हुए एंकल पार्ट को हटाकर थ्री डी तकनीक से उसका नया हिस्सा बना कर रिप्लेस किया जाता है।

इसके कारण मरीज के एंकल का मूवमेंट पहले की तरह बना रहता है। अभी तक इसके लिए एंकल को जाम किया जाता था, जिसके कारण मरीज जिंदगीभर पैर का पूरा मूवमेंट नहीं कर पाता था।

## 'ऐसी क्या मजबूरी थी कि आचार संहिता लगने के समय करनी पड़ी नियुक्ति'

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कर्नल केसरी सिंह को आरपीएससी सदस्य बनाए जाने को अपनी गलती बताया। जिस पर नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने शनिवार को पलटवार किया। राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि हर गलती सजा मांगती है, आखिरकार कब तक गलतियों पर गलतियां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत करेंगे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पहले महाभ्रष्ट आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा की नियुक्ति करके गलती की। इसी प्रकार डीपी जारोली की नियुक्ति करके गलती की, जिसे बर्खास्त करना पड़ा। एक तरफ आदर्श आचार संहिता लग रही थी, वहीं दूसरी तरफ आप राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए संवैधानिक तंत्रों का बेजा इस्तेमाल कर नियुक्तियों की रेवड़ियां बांट रहे थे। राजस्थान पूछ रहा है कि आपकी ऐसी क्या मजबूरी थी कि आपको आचार संहिता के समय नियुक्तियां करनी पड़ी। राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में 70 लाख युवाओं के साथ धोखा हुआ है। पेपरलीक की घटनाएं इस सरकार पर बदनुमा दाग है। जिस आरपीएससी की साख थी उसे नष्ट कर दिया गया।

> ■ **'मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का बयान दर्शाता है कि पेपरलीक की वजह से जिन युवाओं का भविष्य खराब हुआ है उसके जिम्मेदार स्वयं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हैं'**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का बयान ये दर्शाता है कि प्रदेश में 70 लाख युवाओं का जो भविष्य पेपरलीक की वजह से खराब हुआ है उसके जिम्मेदार स्वयं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हैं।



*अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में भारत ने शनिवार को चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान को 117 गेंद शेष रहते सात विकेट से रौंद कर आई.सी.सी. वर्ल्ड कप की अंकतालिका में शीर्ष स्थान पर कब्जा जमा लिया। मैच में भारत के गेंदबाजी आक्रमण के समक्ष पाकिस्तान ने हथियार डाल दिये और पूरी टीम 42.5 ओवर में 191 रन बना कर पवेलियन लौट गयी। बाद में लक्ष्य का पीछा करने उतरे कप्तान रोहित शर्मा ने 86 रनों की तेजतर्रार पारी में लगतातार चौके और छक्के जमाकर पाकिस्तान के हौसले और पस्त कर दिये, जिसके चलते भारत ने विजय लक्ष्य को 30.3 ओवर में ही तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। क्रिकेट वर्ल्ड कप इतिहास में भारत की यह आठवीं जीत है। मैच में रोहित शर्मा ने लाजवाब कप्तानी की और अपनी रणनीति से पाकिस्तान पर दबाव बनाने में कामयाब रहे। भारतीय गेंदबाजी के आक्रमण के समक्ष पाकिस्तान का बल्लेबाजी क्रम ताश के पत्तों की तरह एक के बाद एक ढह गया। कप्तान रोहित शर्मा व अन्य बल्लेबाजों ने विश्व कप के लिये उपयोगी स्ट्राइक रेट को ध्यान में रखते हुये आक्रामक बल्लेबाजी की और जीत को बेहद आसान बना दिया। रोहित शर्मा पूरी लय में नज़र आये और मात्र 63 गेंदों की पारी में आसमानी छः छक्के और छः चौके जड़े। गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को मैन ऑफ मैच चुना गया।*

# कास्ट सर्वे को ज्वलंत मुद्दा बनाए रखने के लिए नीतीश ने शुरु की "कर्पूरी चर्चा"

## "चाय पे चर्चा" की तर्ज पर बिहार में शुरु हुए इस अभियान में अति पिछड़े वर्गों को कास्ट रिपोर्ट के बारे में बताया जाएगा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर। प्रधानमंत्री मोदी की पुरानी प्रचार मुहिम "चाय पे चर्चा" की थीम उठाते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोकसभा चुनावों तक के लिए राज्य के जाति सर्वे की रिपोर्ट को जीवन्त बनाए रखने के लिए अन्यन्त पिछड़ी जातियों के साथ विचार विमर्श करने के लिए पूरे राज्य में सात टीमें भेजकर "कर्पूरी चर्चा" शुरु की है।

- **इसके लिए सात टीमें बनाई गई हैं जो राज्य भर में घूम-घूम कर जनता को कास्ट सर्वे रिपोर्ट के बारे में जागरुक करेंगी। हरेक टीम में जद (यू) के एक सर्वश्रेष्ठ वक्ता को लिया गया है।**
- **पिछड़ी जाति के नेता कर्पूरी ठाकुर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री थे तथा देश भर में उन्हें सोशल इंजीनियरिंग का मास्टर माना जाता है।**
- **24 जनवरी, कर्पूरी ठाकुर की जन्मशती पर पटना में एक विशाल राजनैतिक कार्यक्रम भी होगा।**

बिहार के मुख्यमंत्री रह चुके कर्पूरी ठाकुर को देशभर में सोशल इंजीनियरिंग के मसीहा के रुप में जाना जाता है। बिहार में सत्तारुढ़ जनता दल (यू) कर्पूरी ठाकुर को "भारत रत्न" ना दिए जाने को लेकर केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलेगी।

उक्त सात टीमों में जद (यू) के सात सर्वश्रेष्ठ वक्ता शामिल हैं जो जातिगत सर्वे रिपोर्ट की आवश्यकता के बारे में जनता को जागरुक करेंगे।

विधान परिषद के सदस्य एवं कार्यक्रम के समन्वयक रविन्द्र सिंह ने बताया कि अब तक 63 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में यह चर्चा हो चुकी है और पार्टी आगामी 24 जनवरी को कर्पूरी ठाकुर की जन्मशती पर पटना में एक बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित करने से पूर्व सभी 243 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में यह चर्चा करेगी।

वक्ताओं से कहा गया है कि वे मोस्ट बैकवर्ड क्लासेस (एम.बी.सीज़) को उनके राजनीतिक रुप से और सशक्त होने की आवश्यकता पर जोर दें।

जद (यू) ने अपनी "भीम संसद" के माध्यम से राज्यभर में दलितों तक पहुंच सुनिश्चित करना भी शुरु कर दिया है।

## सियाचिन में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

पर एक मोबाइल टावर एवं एक बेस ट्रांसारवर स्टेशन स्थाति किया है। सिचाचिन ग्लेशिया विश्व का सबसे ऊंचा रन क्षेत्र है। टावर का 6 अक्टूबर को उद्घाटन हुआ और इससे 15000 फीट की ऊंचाई पर तैनात सैनिकों को मोबाइल कनैक्टिविटी मिल सकेगी। यहां तापमान शून्य से भी 30 से 40 डिग्री कम होता है तथा यहां भारत पाक के बीच संघर्ष बना रहता है, इन हालात में यह मोबाइल टावर लगाना शानदार उपलब्धि है। बेस ट्रांसाइवर एक रडियो ट्रासांइवर है, जो मोबाइल को सैलुलर नेटवर्क से जोड़ता है। यह मोबाइल को रेडियो संकेत भेजकर उन्हें डिजीटल संकेत में बदल देता है जो इसे नेटवर्क या इन्टरनैट से जुड़े अन्य मोबाइल फोन में जाते हैं।

## पंजाब में कांग्रेस छोड़ने वाले ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

और रिणवा को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए निष्कासित कर दिया। जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू ने पार्टी की अनुशासन समिति द्वारा उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के एक दिन बाद गुरुवार को अकाली दल से इस्तीफा दे दिया था।

देर रात एक्स पर एक पोस्ट में कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख अमरिंदर सिंह राज वारिंग ने कहा, "पंजाब के कई नेताओं ने कांग्रेस में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की है जिनमें शामिल हैं पूर्व कैबिनेट मंत्री बलबीर सिद्धू जी और गुरप्रीत कानगर जी, पूर्व विधायक राजकुमार वेरका, मोहिंदर रिणवाजी, हंसराज जोसान जी और जीत मोहिंदर सिद्धू जी। उन्हें औपचारिक रूप से पंजाब में पार्टी में शामिल किया जाएगा।

जीत मोहिंदर ने सबसे पहले निर्दलीय के रूप में तलवंडी साबो सीट जीती थी और बाद में कांग्रेस में शामिल होकर 2007 और 2012 के चुनावब उनके टिकट पर जीते। वे 2014 में कांग्रेस विधायक के रूप में इस्तीफा देकर अकाली दल में शामिल हो गए और उसी वर्ष बाद में हुए उपचुनाव में चौथी जीत हासिल की। लेकिन 2017 और 2022 के चुनावों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

तीन बार के विधायक और अमृतसर के प्रमुख दलित नेता नेर्मा ने कहा, "मैं भाजपा छोड़ रहा हूँ। मुझे समझ में आ गया है कि केवल कांग्रेस देश को एकजुट रख सकती है। भाजपा लोगों का विश्वास गंवा चुकी है। पंजाब में भावनाएं स्पष्ट रूप से भाजपा के खिलाफ है। किसान उसका विश्वास नहीं करते। पार्टी अपने नारे सबका साथ, सबका विकास पर भी कायम नहीं रही है।

एक प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि यह घर वापसी है।

जब उनसे पूछा गया कि उनके यह कदम उठाने का कारण क्या है तो भाजपा की राज्य इकाई के उपाध्यक्ष रहे वेर्का ने तल्खी से उत्तर दिया, "कुछ तो मजबूरियां रही होगी, यूं ही कोई बेबफा नहीं होता।"

वेर्का ने कहा, "पूरा देश देख रहा है कि देश केवल कांग्रेस पार्टी के हाथों में सुरक्षित है और यदि कोई पार्टी सभी वर्गों, सभी धर्मों के साथ लेकर चल सकती है तो वह कांग्रेस है।"

उन्होंने कहा, "मेरा चुनाव क्षेत्र और पंजाब के लोग चाहते हैं कि मैं कांग्रेस में लौट जाऊं जो धर्मनिरपेक्ष ही पिछले कुछ समय में भाजपा की किसी बैठक में नहीं गया हूं। कार्य संस्कृति का फर्क है। इसके अलावा मेरी तीन पीढ़िया कांग्रेस में नहीं हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर पोस्ट हुई तस्वीरों में वेर्का को 29 सितंबर का अमृतसर में हुई बैठक में अमित शाह के साथ देखा गया। पंजाब भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ भी मौजूद थे। वेर्का ने यह पुष्टि करने से इंकार कर दिया कि वे इस माह के पूर्व में दो रात अमृतसर रूकते समय कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मिले थे। उन्होंने कहा, "मैं इस पर कुछ नहीं कहना चाहता, लेकिन इतना कह सकता हूं कि मैंने हाईकमान से बात की है।"

वेर्का ने पहला चुनाव 2002 में वेर्का से ही जीता था। 2007 में हारने के बाद वे 2012 और 2017 में अमृतसर पश्चिम सीट से जीते। कैप्टन अमरिंदर सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल में उन्हें पंजाब राज्य भंडारण निगम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वे 2021 में चरणजीत चन्नी की सरकार में मंत्री बने। भाजपा से कांग्रेस में लौटने वाले एक और पूर्व मंत्री हैं बलबीर सिंह सिद्धू जिन्होंने कहा कि उन्होंने यह निर्णय कार्य संस्कृति में अंतर के कारण लिया है।

2022 में भाजपा में शामिल होने से पहले मंत्रिमंडल से हटाए जाने के कारण बलबीर सिद्धू संवाददाता सम्मेलन में रो पड़े, क्योंकि कांग्रेस ने 2021 में अमरिंदर सिंह हो हटाकर चन्नी को मुख्यमंत्री बनाया था।

गत वर्ष ही भगवा पार्टी में शामिल होने वाले पंजाब भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने तीन बड़े नेताओं के कांग्रेस में लौटने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मीडिया से कहा कि उन्हें तो इसकी उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा, "यह बहुत दुर्गाग्यपूर्ण है। मैं इसकी पूरी जिम्मेवारी लेता हूँ। हम उन कमियों का परीक्षण करेंगे जिसके कारण यह हुआ।

कांग्रेस के पूर्व नेताओं के शिरोदली अकाली दल से पुरानी पार्टी में लौटने और दल की लगातार गिरावट भाजपा के लिए सदमा है क्योंकि पार्टी लंबे समय से राज्य में स्वतंत्र से पैर जमाना चाहती है। इस घटनाक्रम से कांग्रेस को आम आदमी पार्टी के साथ सीटों के बंटवारे में सौदेबाजी करने में सुविधा रहेगी।

# 'राजस्थान हाईकोर्ट की तरह सभी न्यायपालिकाओं को समय और नई तकनीक के हिसाब से बदलना चाहिए'

## चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सी.जे.आई.) डी.वाय. चंद्रचूड़ ने राजस्थान हाईकोर्ट के प्लैटिनम जुबली वर्ष में प्रवेश करने के अवसर पर जयपुर में आयोजित समारोह को संबोधित किया

जयपुर, 14 अक्टूबर (का.सं.)। चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया (सी.जे.आई.) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा कि, देश बहुत तेजी से बदल रहा है और तकनीक का व्यापक स्तर पर उपयोग हो रहा है। ऐसे में न्यायपालिका को भी वक्त के साथ बदलना चाहिए। हमें नई तकनीक के इस्तेमाल को लेकर हिचक नहीं होनी चाहिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए एक जगह बैठा हुआ वकील देश की किसी भी अदालत में पैरवी कर सकता है। आज लिफ्टमैन, ड्राइवर की संतान सीए, कंप्यूटर इंजीनियर और चिकित्सक हैं। यह भारत के बदलाव का नया चेहरा है। उन्होंने आर.टी.आई. कानून के लिए किए गए आंदोलन का हवाला देते हुए कहा कि इसके कारण ही पारदर्शिता का कानून लागू हो पाया है। सीजे चन्द्रचूड शनिवार को राजस्थान हाईकोर्ट की स्थापना को लेकर आयोजित प्लेटिनम जुबली समारोह में संबोधित कर रहे थे।

- **सी.जे.आई. ने न्यायपालिका में कोविड के दौरान बदलाव का हवाला देते हुए कहा कि, इस दौरान राजस्थान हाईकोर्ट ने वीडियो कॉन्फ्रैन्सिंग के जरिए देशभर में सबसे ज्यादा केसों की सुनवाई की। उन्होंने राजस्थान के जिला न्यायालयों में महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या में बढ़ोतरी की तारीफ करते हुए कहा कि, प्रदेश के 1344 न्यायिक अफसरों में से 562 महिला न्यायिक अफसर हैं।**

उन्होंने प्रदेश की न्यायपालिका में कोविड के दौरान आए बदलाव का हवाला देते हुए कहा कि इस दौरान राजस्थान हाईकोर्ट ने वीसी के जरिए देशभर में ज्यादा केसों की सुनवाई की। वहीं उन्होंने राजस्थान के जिला न्यायालयों में महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या में बढ़ोतरी की तारीफ करते हुए कहा कि प्रदेश के 1344 न्यायिक अफसरों में से 562 महिला न्यायिक अफसर हैं। इसके अलावा वर्ष 2021 की न्यायिक अफसर भर्ती में चयनित 120 न्यायिक अफसरों में से 71 महिलाएं हैं। हालांकि उन्होंने हाईकोर्ट में वकील कोटे से केवल दो महिला जजों की नियुक्ति होने पर आश्चर्य जताते हुए कहा कि वकालत के पेशे में महिलाओं को भी प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ट्रायल कोर्ट को अधीनस्थ अदालत कहने के बजाए जिला न्यायालय कहना चाहिए। उन्होंने जोधपुर मुख्यपीठ व जयपुर पीठ में वीसी के जरिए एक ही केस की सुनवाई दो जजों द्वारा एक साथ करने की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह तकनीक के उपयोग का अच्छा उदाहरण है।

पेपर लैस कोर्ट व टेलीग्राम चैनल लांच- समारोह के दौरान सी.जे.आई. ने हाईकोर्ट और जयपुर की कमर्शियल कोर्ट को पेपर लैस करने की लांचिंग की। इसके अलावा वकीलों व पक्षकारों को सूचनाएं मुहैया कराए जाने के लिए टेलीग्राम चैनल भी लांच किया गया। वहीं प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन के लिए लोगो एंड मोटो भी लांच किया गया।

इस मौके पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एस रविन्द्र भट्ट ने कहा कि यह प्रदेश दुनिया के 133 देशों से बडा है। यहां कि अपनी समस्याएं हैं। यहां कुल 353 कोर्ट कॉम्पलेक्स हैं, जिनमें संसाधनों की पहुंच बनाना कठिन हैं। इसके बावजूद भी यहां शानदार काम हो रहा है। उन्होंने सांगानेर खुली जेल की तरह अन्य राज्यों में भी खुली जेल खोले जाने की आवश्यकता की बात कही। वहीं सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि 75 साल की उम्र में व्यक्ति अपने अनुभव नई पीढी से साझा करता है। हाईकोर्ट भी अब इस उम्र में आ गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस पंकज मित्थल ने कहा कि यह वह प्रदेश हैं, जहां चेतक के रूप में घोड़े की स्वामिभक्ति की पूजा की जाती है। आज न्यायपालिका का भारतीयकरण किया जा रहा है। दिसंबर माह तक सुप्रीम कोर्ट के 35 हजार फैसलों का भारतीय भाषाओं में अनुवाद किया जाएगा। वहीं भारतीयकरण के तहत सुप्रीम कोर्ट में न्याय की देवी की साडी में प्रतिमा दर्शाई गई है। जिसके हाथ में तलवार और तराजू ना होकर संविधान की पुस्तक को दिखाया गया है। जरूरत है कि इसके साथ ही गीता की पुस्तक भी दिखाई जाए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी ने कहा कि जयपुर में हाईकोर्ट की स्थापना को लेकर जोधपुर के वकीलों का माह के अंतिम दिन न्यायिक बहिष्कार करना उचित नहीं है।

## भारत और श्रीलंका के बीच पहली बार यात्री नौका परिवहन सेवा शुरु

नई दिल्ली/चेन्नई, 14 अक्टूबर (वार्ता)। भारत एवं श्रीलंका के बीच तमिलनाडु के नागपट्टिनम से श्रीलंका के उत्तरी प्रांत जाफना के पास कांकेसंथुराई तक यात्री नौका सेवा शनिवार से प्रारंभ हो गई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रीय राजधानी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस सेवा की शुरुआत की। नौका तमिलनाडु के नागापट्टिनम बंदरगाह से द्वीप राष्ट्र श्रीलंका में कांकेसंथुरई के लिए रवाना हुई। उन्होंने कहा कि भारत और श्रीलंका संस्कृति, वाणिज्य और सभ्यता का गहरा इतिहास साझा करते हैं और अब दोनों में आर्थिक साझेदारी भी बढ़ेगी। नौका सेवा नागापट्टिनम और कांकेसंतुराई के बीच शुरू की गई है।

मोदी ने कहा, इस महत्वपूर्ण अवसर पर आपके साथ जुड़ना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। हम भारत और श्रीलंका के बीच राजनयिक और आर्थिक संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं। तमिलनाडु के नागापट्टिनम और लंका के कांकेसंतुराई के बीच नौका सेवा का शुभारंभ किया जा रहा है। हमारे संबंधों को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# 'बेरोजगारी, छात्र आत्महत्या, परीक्षा घोटाले मध्यप्रदेश में चरम पर हैं'

नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर (वार्ता) कांग्रेस ने शनिवार कहा कि मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 18 वर्ष के शासन में बेरोजगारी चरम पर है, भर्ती घोटाले हो रहे हैं और छात्र आत्महत्या जैसे जघन्य कदम उठाने को मजबूर हैं इसलिए प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है और सरकार बनाने के बाद कांग्रेस लोगों की भावनाओं पर खरी उतरेगी।

- **कांग्रेस ने कहा कि, मध्यप्रदेश में घोटालों की भी एक पूरी कड़ी है, जैसे- व्यापम घोटाला, पटवारी भर्ती घोटाला, नर्सिंग घोटाला आदि। ऐसे कई घोटाले सामने आए हैं।**

महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष शोभा ओझा ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मध्य प्रदेश में आए दिन परीक्षा जैसे घोटाले आए दिन हो रहे हैं और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार ने युवाओं की कमर तोड़ कर रख दी है।

उन्होंने कहा, "मध्य प्रदेश में भाजपा ने रोजगार के नाम पर केवल घोटाले किए हैं। राज्य के लोगों ने पिछले 18 साल में भयानक बेरोजगारी, छात्रों की आत्महत्याओं और घोटालों का शर्मनाक युग देखा है।राज्य में भाजपा के संरक्षण में तमाम माफिया फलते-फूलते रहें, इस कारण सरकारी नौकरियां घोटालों के भेंट चढ़ गई।"

ओझा ने कहा, "मध्य प्रदेश एक ऐसा राज्य है, जहां पिछले 18 वर्ष में निवेश के नाम पर कुछ भी नहीं हुआ है। ग्लोबल इन्वेस्टर मीट जैसे इवेंट्स में करोड़ो रुपए पानी की तरह बहाया गया लेकिन निवेश के नाम पर कुछ नहीं आया।मध्य प्रदेश का युवा केवल सरकारी नौकरी नहीं बल्कि प्राइवेट नौकरी से भी वंचित रहा।

## युवक कांग्रेस...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यालय में सोशल मीडिया प्रबंधन है। यह लगभग ढाई करोड़ रूपए का ठेका हैं और सिंह देव मुख्यमंत्री पद की दौड़ में बघेल को हराना चाहते हैं। कुल मिलाकर कांग्रेस के नेता घरेलू प्रतिभाओं का उपयोग करने में विश्वास करते हैं बजाय करदाताओं का पैसा बाहरी लोगों को देने के।

## मध्य प्रदेश में कांग्रेस की...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

लिस्ट सार्वजनिक हो जाएगी। इसमं 60 सीटों के लिए शुक्रवार को चयनित उम्मीदवार भी शामिल है, जबकि पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति ने इस सप्ताह की शुरुआत में अन्य नामों को फायनल कर लिया था।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि रविवार को जारी की जाने वाली पहली लिस्ट में उन 66 सीटों के लिए भी प्रत्याशी शामिल होंगे, जहां पार्टी लगातार हारती रही है। अन्य घोषित नामों में वे सीटें होंगी जहां समझौता है, जबकि जिन सीटों पर दो या अधिक दावेदार हैं, उन्हें स्क्रीनिंग कमेटी के पास भेजा जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ अधिकांश सीटों पर सर्वानुमति चाहते हैं, यद्यपि कमलनाथ द्वारा करवाए गए सर्वे में उनके समर्थकों के नाम जुड़वाने से

- **230 सदस्यीय विधानसभा में 200 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित किए जा सकते हैं। श्राद्ध पक्ष की वजह से अभी तक लिस्ट घोषित नहीं हुई थी।**

पार्टी में कलह हो रही है। इसको लेकर दिग्विजय सिंह सबसे अधिक खफा थे। वह सैन्ट्रल इलैक्शन कमेटी (सी.ई.सी.) की मीटिंग से बाहर आ गए और अपना विरोध दर्ज करवाने के लिए भोपाल लौट गए।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के लिए कुछ प्रत्याशियों के नाम सी.ई.सी. द्वारा स्वीकृत किए हैं, उन्हें भी रविवार को सार्वजनिक कर दिया जाएगा।

सूत्रों ने भाजपा के इस दावे को खारिज करते हुए कि, मतभेदों के कारण कांग्रेस की लिस्ट जारी किए जाने में विलम्ब हो रहा है, कहा कि कांग्रेस की यह परम्परा रही है कि वह अशुभ माने जाने वाले समय के दौरान प्रत्याशियों के नामों की घोषणा नहीं करती है।

# गर्भ निरोधक गोली ने महिलाओं के करियर को नई ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

औपचारिक तर्कों से कोई बौद्धिक संरचना खड़ी नहीं की। इसके कारणों का पता लगाने के लिए वो इकोनॉमिक हिस्ट्री में गहराई तक गईं। उनके अभिलेखीय अनुसंधान व इतिहास के अध्ययन ने गुप्तचरों का काम किया। उनके पति ने कहा कि, जहाँ सब लोग हार मान लेते हैं उसके आगे इतिहास के तथ्यों को ढूंढ निकालने की उनकी पत्नी की क्षमता अद्वितीय है।

क्लॉडिया ने अपने रिसर्च सुपरवाइज़र रॉबर्ट फॉगल का रास्ता अपनाया, जिन्होंने इकोनॉमिक्स में ऐतिहासिक प्रणाली के उपयोग का तरीका विकसित किया था। उस समय तक, इकोनॉमिक हिस्ट्री का मतलब होता था राष्ट्रों के विकास की कहानी।

इसके अलावा, इतिहासकारों ने निःसंदेह ऐसे विद्धतापूर्ण अनुसंधान किए हैं, जिनमें इन तथ्यों को समझने का प्रयास किया गया कि, क्यों कुछ देश जबरदस्त विकास करते हैं, उन देशों की तुलना में, जो संसाधन और परिस्थितियां समान होने के बावजूद पीछे रहते हैं।

लेकिन गोल्डिन की समझ बिल्कुल अलग थी। उन्हें सहज रुप से यह समझ आ गया कि, लेबर मार्केट व नौकरी के क्षेत्र में महिला की भागीदारी तय करने में गर्भनिरोधक गोली एक महत्वपूर्ण कारक है। फिर भी, वह अपनी अवधारणा को प्रभावित करने वाले कारकों का एक ठोस प्रमाण चाहती थीं। आइए इसे सरल अर्थों में समझने की कोशिश करते हैं।

उन्होंने महिलाओं के लिए गर्भनिरोधक गोली की उपलब्धता का पता लगाने के बारे में सोचा। अमेरिका के कई राज्यों में महिलाओं को गर्भनिरोधक गोली कानूनन उपलब्ध नहीं थी। इस संदर्भ में जब बदलाव आने शुरु हुए तो उन्होंने पाया कि, जिन राज्यों में ये गोलियाँ आसानी से उपलब्ध थीं, वहां नौकरियों में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत अधिक थी।

सबसे महत्वपूर्ण यह है कि, जिन राज्यों में यह गोली आसानी से उपलब्ध नहीं थी उनकी तुलना में उन उदार राज्यों में, जहां इसकी उपलब्धता थी, महिलाओं के करियर की स्थिति गुणात्मक रुप से बेहतर थी। आगे के वर्षों में उन्होंने महिलाओं की तनख्वाह में अंतर एवं उनके रोजगार के स्तर के ऐतिहासिक तथ्यों का अध्ययन किया और इस निष्कर्ष पर पहुंचीं कि गर्भनिरोधक गोली इस मामले में महत्वपूर्ण है। इस निष्कर्ष पर पहुँचकर उन्होंने गोली की उपलब्धता के प्रभाव तथा महिलाओं के करियर ग्राफ को अलग करने की कोशिश की। वैसे ही जैसे, किसी लैब में कोई अध्ययन किया जाता है।

गोली की उपलब्धता ने महिलाओं को अपने करियर को लेकर होने वाली उम्मीदों में बदलाव ला दिया। जहां गोली की उपलब्धता थी, वहां महिलाएं एक दीर्घ और अधिक वेतन वाले करियर की आशावादी योजना बनाने के बारे में सोच सकती थीं, और साथ ही साथ भविष्य में परिवार और बच्चों की उम्मीद कर सकती थीं। इस तरह से वे किसी विधि पाठ्यक्रम या मैडिसिन डिग्री के लिए कुछ और वर्ष मेहनत करने का निर्णय ले सकती थीं, जो कि गोली के अभाव में संभव नहीं हो पाता।

शादी और बच्चे पैदा करने का निर्णय कुछ समय के लिए स्थागित कर महिलाएं वर्तमान में अपने करियर पर ध्यान दे सकती हैं। क्लॉडिया ने इस संदर्भ में उदाहरण दिए। "एक औरत के बारे में सोचिए जो अपने पति जितनी ही कुशाग्र है। वे दोनों ही किसी लॉ फर्म का हिस्सा बन कर आगे कुछ और वर्षों तक काम कर सकते थे और महिला को अपने पति की तरह ही ऊंचे वेतन वाली नौकरी मिल सकती थी। यह सब कुछ गोली की वजह से ही संभव हो सका, अन्यथा कॉलेज में बायफ्रैण्ड होने का मतलब होता, कि काफी पहले ही उसका घर बस चुका होता।

अब क्लॉडिया गोल्डिन की एक अन्य परिकल्पना, ग्रीडी जॉब्स" की बात करते हैं। जैण्डर पे गैप्स को स्पष्ट करने के लिए एक युगल जो कि समान रुप से कुशाग्र है, लॉ फर्म या मैडिसिन सैक्टर जैसे किसी सर्विस सैक्टर या कन्सलटैंसी फर्म का कोई उच्च वेतन का जॉब करने लगता है। फिर एक समय ऐसा आता है, जब उन्हें यह आभास होता है कि बच्चों के पालन-पोषण के कारण दोनों जने उच्च वेतन वाली नौकरी को अपना पूरा समय नहीं दे सकते, अतः दोनों में से एक को बच्चों की देखभाल के लिए ऐसी नौकरी करनी पड़ेगी जिसमें समय कम देना पड़े।

ऐसा इस कारण से होता है क्योंकि उच्च वेतन वाली कई नौकरियों में, वेतन का संबंध ऑफिस में या काम के लिए बिताए गए समय से होता है। अतः यदि कोई कम मेहनत वाला जॉब करने का निर्णय लेता है तो उसे अपने करियर में अच्छे वेतन को लेकर परेशान होना पड़ेगा। युगल में से एक को उच्च वेतन या अधिक समय लेने वाली नौकरी में रहना होगा, जबकि दूसरा यह विकल्प छोड़ सकता है। गोल्डिन ने इन जॉब्स को "ग्रीडी जॉब्स" की संज्ञा दी। नियोक्ता के लिए कम वेतन देना कोई भेदभाव नहीं, बल्कि कर्मचारी के विकल्प का परिणाम है। गोल्डिन के निष्कर्ष उन पहलुओं के ऐतिहासिक डेटा और अभिलेखिय कार्य पर जीवनभर समर्पित किए गए समय का परिणाम हैं, जो शुरुआत में स्पष्ट नहीं थे। उन्होंने महिला रोजगार का क्रमिक अध्ययन कर उसके गति विज्ञान का पता लगाया। उन्होंने महिला रोजगार के बारे में अपना प्रसिद्ध "यू" कर्व प्रतिपादित किया।

उत्पादन की संरचना में बदलाव आने के कारण ही "यू" घटित हुआ। उन्होंने औद्योगिक क्रांति के बाद रोजगार में आई कमी और महिलाओं की भागीदारी के बारे में बताया। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि, औद्योगिक संरचना के बाद उत्पादन की इकाईयां घरों से बड़े औद्योगिक क्षेत्रों की ओर शिफ्ट हो गईं। महिलाएं घरों में रहकर उत्पादन और कारोबार दोनों में अपनी भागीदारी बखूबी निभा सकती थीं, लेकिन उत्पादन के साधनों के अन्यंत्र शिफ्ट होने पर वे ऐसा नहीं कर सकीं।

गोल्डिन ने महिला रोजगार पर किए गए अपने गूढ़ अध्ययन में उन क्रमों के बारे में जानकारी जुटाई जिनमें महिला रोजगार की स्थिति में तुलनात्मक वृद्धि हुई थी।

हमारे विकास के वर्तमान चरण में क्लॉडिया गोल्डिन का काम विशेष प्रासंगिकता रखता है। शीघ्र ही, भारत में कामकाजी उम्र की बड़ी आबादी होने की सुखद स्थिति खत्म हो जाएगी। तब जॉब मार्केट में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के कारण, उच्च गुणवत्ता वाले क्षेत्रों में जहाँ कुशल प्रतिभा की ज़रुरत होगी, भारत की अधिक से अधिक महिलाओं को काम करने के लिए आगे आना चाहिए।

भारत के नीति निर्माताओं के लिए, महिलाओं को उनके सुरक्षित स्थानों से बाहर लाने और देश के विकास में भाग लेने के लिए प्रेरित करने में, क्लॉडिया गोल्डिन का यह ज्ञान बहुमूल्य होगा।

## सैन्य ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

आमने-सामने विचार-विमर्श होगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 18 अक्टूबर को सम्मेलन में शामिल होंगे। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफैंस स्टाफ अनिल चौहान, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल मनोज पांडे, एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी जो चीफ ऑफ एयर स्टाफ हैं, सम्मेलन को संबोधित करेंगे। भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार अजय सूद "राष्ट्रीय सुरक्षा क लिए टैक्नॉलजी का लाभ उठाने पर" भाषण देंगे।

सर्वोच्च नेतृत्व भारतीय सेना की तैयारी की समीक्षा करेगा तथा मौजूदा सुरक्षा परिक्षणों पर चर्चा करेगा।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600